मेक्सिको में 7 तीव्रता का भूकंप

भूकंप के तेज झटकों से मंगलवार रात मेक्सिको शहर कांप उठा। झटके इतने तेज थे कि दक्षिणी मेक्सिको शहर की ज्यादातर इमारतें हिलती हुईं दिखाई पड़ीं। इसके बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।अमेरिकी जियोलॉजिक सर्वे का कहना है कि ग्युरेरो से 11 किलोमीटर दूर अकापुल्को में 7.0 तीव्रता के झटके महसूस किए गए।

आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 15 अंक 217-● जबलपुर ● बुधवार, 8 सितम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष -1/2 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

हमारे पास कोई डिग्री नहीं फिर भी हम सरकार चला रहे

तालिबानी राज का पहला बयान

काबुल। अफगानिस्तान में तालिबान ने अपनी अंतरिम सरकार का एलान कर दिया है। मुल्ला मुहम्मद हसन अखुंद को जहां देश का नया प्रधानमंत्री बनाया गया है, वहीं शेख मौलवी नूरल्लाह मुनीर को शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है। इस बीच सरकार गठन के साथ ही तालिबानी फरमान भी आने शुरू हो गए हैं जिसमें नए शिक्षा मंत्री नूरल्लाह मुनीर का विवादित बयान भी शामिल है। मुनीर ने कहा है कि आज के वक्त में पीएचडी या किसी दूसरी मास्टर डिग्री का कोई फायदा नहीं है। मुनीर ने कहा कि हमलोगों के पास कोई डिग्री नहीं है फिर भी हम सरकार चला रहे हैं। ऐसे में आज के वक्त में किसी तरह की पीएचडी या मास्टर डिग्री की जरूरत नहीं है।

तालिबान ने शिक्षा के क्षेत्र में शुरू किया भेदभाव

बता दें कि तालिबान ने सत्ता में आने से पहले ही शिक्षा के क्षेत्र में कई बदलाव करने शुरू कर दिए थे। कॉलेज में लड़के-लड़कियों के बीच में पर्दा डाल दिया गया। कई जगहों पर लड़कियों और महिलाओं को सिर्फ बुजुर्ग या महिलाएं ही पढ़ा रही हैं। इसके अलावा तालिबान उन निजी कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज पर नकेल कसना शुरू कर दिया है जिसने 2001 में तालिबान के शासन के खत्म होने के बाद आधुनिक शिक्षा पर बल दिया है। तालिबान ने अपने फरमान में आगे लिखा है कि विश्वविद्यालय को अपनी सुविधाओं के अनुसार छात्राओं के लिए महिला शिक्षकों की भर्ती करने की जरूरत है। अगर ऐसा संभव नहीं है तो उन्हें ऐसे बुजुर्ग पुरुषों को नियुक्त करने की कोशिश करनी चाहिए जिनका चरित्र अच्छा हो। अफगानिस्तान में नई सरकार के गठन के साथ ही तालिबान ने कश्मीर मामले पर भी अपना रुख साफ कर दिया है।

कश्मीर को लेकर साफ किया रूख

कश्मीर भारत और पाकिस्तान का आंतरिक मामला

तालिबान प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिद ने कहा कि तालिबानी सरकार का रुख है कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान का आंतरिक मामला है और हम इस मामले में बिल्कुल भी दखल नहीं देंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को ही अफगानिस्तान में तालिबान ने नई सरकार का गठन किया है लेकिन अभी आधिकारिक ऐलान नहीं किया है।

देश में टीकाकरण सही ढंग से चल रहा- सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने डोर टू डोर कोविड वैक्सीनेशन की मांग पर सुनवाई से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि देश में टीकाकरण सही तरीके से चल रहा है, 60 फीसदी लोगों को कम से कम एक टीका लग चुका है। अदालत ने कहा कि अलग से आदेश की जरूरत नहीं है। वहीं कोरोना से हुई हर मौत को मेडिकल लापरवाही मान कर परिवार को मुआवजा देने की मांग भी सुप्रीम कोर्ट ने ठुकरा दी। कोर्ट ने कहा कि बड़ी संख्या में मौतें हुईं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि हर मौत मेडिकल लापरवाही का मामला है। आपको बता दें कि कुछ लोग डोर टू डोर टीकाकरण की मांग कर रहे हैं।

मोदी केबिनेट की आज होने वाली बैठक में राहत के संकेत

किसानों के लिए बड़ा ऐलान संभव

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज कैबिनेट की अहम बैठक हो रही है। इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार इस में दूरसंचार और टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए राहत पैकेज पर एलान हो सकता है। इतना ही नहीं, किसानों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। बैठक में रबी फसलों की मिनिमम सपोर्ट प्राइस (एमएसपी) में बढ़ोतरी का फैसला लिया जा सकता है।

दूरसंचार क्षेत्र के लिए राहत पैकेज संभव

केंद्र सरकार टेलीकॉम उद्योग के लिए एक लंबी अवधि के राहत पैकेज पर काम कर रही है। बता दें कि देश में कुछ टेलीकॉम कंपनियां इस समय वित्तीय संकट का सामना कर रही हैं। जानकारी के अनुसार इसमें एजीआर बकाया को फिर से परिभाषित किया जा सकता है और गैर संचार वस्तुओं को बाहर करने की योजना शामिल हो सकती है। सूत्रों के अनुसार, क्षेत्र के लिए राहत पैकेज का प्रस्ताव वित्त मंत्रालय के पास भेजा भी जा चुका है। बता दें कि देश की प्रमुख टेलीकॉम कंपनियों में से एक भारती एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया का भारी एजीआर बकाया है। टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) स्कीम की घोषणा हो सकती है। सरकार ने सुस्त पड़ी टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने या पुनर्जीवित करने के लिए जुलाई में 10,680 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। सरकार इन पैसों से परिधान को बढ़ावा देने, रोजगार और निर्यात क्षमता को मजबूत करने का लक्ष्य रखा है। उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का मुख्य फोकस मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) के तहत 40 प्रोडक्ट श्रेणियों और तकनीकी वस्त्रों के तहत 10 उत्पाद श्रेणियों पर होगा। पीएलआई योजना के लागू होने से ग्रीनफील्ड (नई कंपनियां स्थापित की जा रही हैं) और ब्राउनफील्ड (कंपनियां जो पहले से ही परिचालन में हैं) में निवेश को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। इसके अतिरिक्त नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हो रही कैबिनेट बैठक में रबी फसलों की एमएसपी बढ़ाने पर भी विचार हो सकता है। सरकार मार्केटिंग सीजन 2022-23 के लिए गेहूं, बार्ले, चना, मसूर, सरसों की एमएसपी बढ़ा सकती है। रबी फसलों के मौजूदा एमएसपी पर नजर डालें तो गेहूं की एमएसपी 1975 रुपये है, बार्ले की 1600 रुपये , चना की 5100 रुपये, सरसों की 4650 रुपये और मसूर की 5100 रुपये है।

भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के घर पर बम से हमला

कोलकाता। पश्चिम बंगाल से भारतीय जनता पार्टी के सांसद अर्जुन सिंह के आवास के बाहर बुधवार सुबह जोरदार बम धमाका हुआ। राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। धनखड़ ने लिखा कि पश्चिम बंगाल में प्रचंड हिंसा कम होने का नाम नहीं ले रही है। आज सुबह सांसद के आवास के बाहर बम विस्फोट चिंता की बात है और राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाती है। जानकारी के अनुसार घर पर जिस वक्त बम से हमला किया गया उस समय सांसद और प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह मौजूद नहीं थे। हालांकि उनके परिवार के सदस्य उस वक्त घर पर ही थे।

केरल-महाराष्ट्र से आने वाले यात्रियों से पूछताछ

भोपाल। कोरोना की तीसरी संभावित लहर से निपटने के लिए प्रशासन ने फिर से सख्ती शुरू कर दी है। राजधानी भोपाल के दोनों प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर उतरने वाले यात्रियों से विशेष पूछताछ की जा रही है। मुख्य द्वार से निकलते समय जांच के लिए कहा जा रहा है। रोजाना दोनों स्टेशनों पर चार हजार से अधिक यात्रियों के सैंपल लिए जा रहे हैं। इसके दायरा अगले सप्ताह से बढ़ा दिया जाएगा। करीब छह हजार से अधिक यात्रियों की सैंपल जांच के लिए लेंगे। रेलवे और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि खासकर महाराष्ट्र के नागपुर, मुंबई, भुसावल, पुणे और केरल से आने वाली ट्रेनों के यात्रियों के समय विशेष पूछताछ व जांच की जा रही है। हालांकि हाल-फिलहाल दोनों ही स्टेशनों पर एक भी यात्री की कोरोना जांच पॉजिटिव नहीं मिली है।

फिर बढ़े कोरोना के आंकड़े

दो दिन की राहत के बाद बुधवार को एक बार फिर कोरोना के आंकड़ों ने डरा दिया है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक, देश में 24 घंटे के अंदर 37,875 नए कोरोना संक्रमित सामने आए हैं। जबकि मंगलवार को यह संख्या 31,222 थी। एक दिन के अंदर 6,653 मामलों की बढ़ोत्तरी से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। आंकड़ों के तहत पिछले 24 घंटे में कोरोना से 369 लोगों की मौत हो गई। जबकि, मंगलवार को यह संख्या 290 थी। वहीं बुधवार को 39,114 कोरोना मरीज ठीक होकर घर गए। यह राहत की बात है।

रूस के एनएसए से मिले डोभाल

नई दिल्ली। अफगानिस्तान संकट के बीच देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अब से कुछ देर पहले रूस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार निकोलाई पेत्रुशेव से मुलाकात की। फिलहाल दोनों के बीच वार्ता जारी है। रूस और भारत पुरने मित्र देश हैं और वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर इस बैठक को काफी खास माना जा रहा है।

करनाल में धरनास्थल पर लगे टेंट

करनाल। किसानों ने अब धरनास्थल पर टेंट लगाने शुरू कर दिए हैं। प्रशासन की तरफ से मांगें न माने जाने पर किसान पक्का मोर्चा लगाने की तैयारी में जुट गए हैं। किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि हमारी मांग मानी नहीं गई। प्रशासन ने एसडीएम की पिछली कार्रवाई का स्पष्टीकरण देने की कोशिश की है। अब हम आगे की कार्रवाई पर फैसला लेने के लिए किसानों के साथ बैठक करेंगे। हमने प्रशासन से कहा कि अधिकारी को सस्पेंड कर दो, आगे जो जांच है, वो चलती रहेगी। लेकिन वे इस बात पर भी नहीं माने। जब उनसे पूछा कि किसान शहर में आए तो नुकसान हो सकता है, इस पर उन्होंने जवाब दिया कि हो जाने दो..। जो कुछ होगा। हमें क्या पता, जो होगा उसकी जिम्मेदारी सरकार की है। सरकार टकराव चाहती है। करनाल में कल रात से हालात सामान्य रहने के बाद बुधवार सुबह किसानों ने जींद में सभी हाईवे खोल दिए। किसानों ने जींद-चंडीगढ़, हिसार-चंडीगढ़, जींद-करनाल और जींद-दिल्ली राजमार्गों को बाधित किया था। किसानों का कहना है कि जैसे ही करनाल से कोई आदेश आएगा, हरियाणा जाम कर दिया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार किसानों को छेड़ने की गलती न करे। फिलहाल जींद में सभी मार्गों पर ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त है।

क्विक अपडेट



अक्षय कुमार की मां अरूणा का निधन, दिग्गज एक्टर पहुंचे

मुंबई। बुधवार की सुबह अक्षय कुमार की मां अरुणा भाटिया का निधन हो गया। वह 77 साल की थीं और लंबे समय से बीमार चल रही थीं। मुंबई के जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। बॉलीवुड के दिग्गज सितारे उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। रितेश देशमुख, साजिद खान, रमेश तोरानी, करन कपाड़िया जैसे सितारों को अंतिम संस्कार से लौटते वक्त स्पॉट किया गया। सुबह ही अक्षय कुमार ने अपनी मां के गुजर जाने की खबर सोशल मीडिया के जरिए दी।

बीएसएनएल अकाउंट आफिसर के खिलाफ एफआइआर !

भोपाल। भारत संचार निगम लिमिटेड के अकाउंट आफिसर के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने एफआइआर दर्ज कर ली। अकाउंट आफिसर ने वेंडरों से रिश्वत की राशि बेंगलुरु में रह रहे बेटे के बैंक खातों में डलवाई थी। बेटे को भी आरोपित बनाया गया है। जिन वेंडरों में बैंक खातों में राशि जमा कराई है, उनसे भी पूछताछ की जाएगी। मामला निलंबित अकाउंट आफिसर ओंकार प्रसाद पाल और उनके बेटे योगेश पाल पर वेंडरों के बिल पास करने के एवज में रिश्वत लेने से जुड़ा है। आरोप है कि अकाउंट आफिसर बेंगलुरु में रहने वाले बेटे के बैंक खाते में रिश्वत डलवाता था। जांच टीम को योगेश पाल के बैंक खाते में 14 लाख 19 हजार रुपये का लेनदेन मिला है। बीएसएनएल के चीफ जनरल मैनेजर जयंत राजदीन ने सीबीआइ को गड़बड़ी की शिकायत की थी। एजेंसी की जांच में पता चला है कि ओंकार बिना रिश्वत लिए वेंडरों के बिल पास नहीं करता है। ओंकार के पास योजना, स्थापना, टेलीकाम राजस्व, वित्त के अलावा फाइबर नेटवर्क का काम था। बीएसएनएल ने संदिग्ध वेंडरों की सूची भी सौंपी है। जिनसे पता लगाया जाएगा किस काम के बदले योगेश पाल के खाते में राशि जमा करवाई गई। बता दें, इस मामले में बीएसएनएल के एजीएम विभूति श्रीवास्तव की अगुआई में जांच समित गठित की गई थी। कमेटी ने रिपोर्ट विभाग को सौंपी थी।

SC के आदेश के बाद सरकार ने कहा- अब महिलाओं को NDA में जाने की इजाजत

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के माध्यम से महिलाओं को सशस्त्र बलों में शामिल करने की अनुमति देने का निर्णय लिया गया है। एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने जस्टिस संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ को यह जानकारी दी। पीठ एनडीए परीक्षा में महिला को भाग लेने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही है। एएसजी भाटी ने पीठ से कहा, एक अच्छी खबर है। सेना और सरकार के उच्चतम स्तर पर निर्णय लिया गया है कि एनडीए के माध्यम से महिलाएं सशस्त्र बलों में जा सकेंगी। भाटी ने कहा कि मंगलवार शाम को यह निर्णय लिया गया है। जिसके बाद पीठ ने एएसजी से एक हलफनामे के जरिए इस बयान को रिकॉर्ड में रखने को कहा। पीठ ने कहा, लैंगिक समानता पर उन्हें और अधिक ध्यान देना होगा। दो हफ्ते बाद इस मामले पर सुनवाई करेगी।

राज्यपाल बेबीरानी मौर्य ने दिया इस्तीफा

हवाना। दउत्तराखंड की राज्यपाल बेबी रानी मौर्य ने राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। राज्यपाल के सचिव बीके संत ने इसकी पुष्टि की है। बेनीरानी मौर्य उत्तराखंड की राज्यपाल के तौर पर बीती 26 अगस्त को अपने तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुकी हैं। दो दिन पहले नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह के साथ मुलाकात के बाद से ही उनके इस्तीफा देने की चर्चाएं तेज होने लगी थीं। उन्हें उत्तर प्रदेश बीजेपी में बड़ी जिम्मेदारी देने की चर्चाएं हैं। वहीं, अब प्रदेश के नए राज्यपाल की जिम्मेदारी किसे मिलेगी इसको लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है।

हम उसूलों वाले डकैत..
महिलाओं के जेवर नहीं उतरवाते

बरेली। यहां के नवाबगंज में बरौर गांव में सीमेंट-सरिया के कारोबारी जलीस अहमद के घर में सोमवार रात दीवार फांदकर घुसे दर्जन भर डकैत 15 लाख रुपये कैश, पांच लाख के जेवर और एक कार लूट ले गए। मंगलवार दोपहर फरीदपुर में हाईवे किनारे एक ढाबे के पास छोड़ी गई कार तो मिल गई मगर डकैतों का कोई सुराग नहीं लगा। सीमेंट-सरिया के अलावा जलीस का आरा मशीन, गुड़ और प्रापर्टी डीलिंग का भी कारोबार है। बहगुल नदी के पुल के पास अपने खेत में बने दोमंजिले मकान के ऊपरी हिस्से में उनका परिवार रहता है। नीचे सरिया-सीमेंट का गोदाम है। जलीस के मुताबिक सोमवार रात करीब 12.30 बजे 12 नकाबपोश बदमाश पीछे की दीवार पर चढ़कर घर में घुस आए। कारोबारी जलीस अहमद के घर डकैती के दौरान बदमाशों ने महिलाओं के प्रति काफी नरम और सम्मानजनक रवैया अपनाया। महिलाएं शरीर पर लाखों के जेवर पहने हुए थीं, लेकिन बदमाशों ने उन्हें छुआ तक नहीं। उल्टे डरी हुई महिलाओं को यह कहते हुए दिलासा दिया, हम उसूलों वाले हैं, औरतों के जेवर नहीं उतरवाते।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK
TECHNOLOGY WE LIVE
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000

चुनावों के लिए भाजपा प्रभारी नियुक्त

नई दिल्ली। चुनावों के लिए भाजपा ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके मद्देनजर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने पांच राज्यों के चुनाव प्रभारियों की सूची जारी कर दी। 2022 में उत्तर प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव का जिम्मा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को सौंपा गया है। धर्मेंद्र प्रधान के साथ केंद्रीय मंत्रियों अनुराग सिंह ठाकुर, अर्जुन राम मेघवाल, शोभा करंदलाजे, अन्नपूर्णा देवी के अलावा पार्टी महासचिव सरोज पांडे, हरियाणा के पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु और राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर को सह प्रभारी बनाया गया है।क्षेत्रवार छह संगठन प्रभारियों की भी नियुक्ति की है। सांसद संजय भाटिया को पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार के विधायक संजीव चौरसिया को बृज क्षेत्र, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सत्या कुमार को अवध क्षेत्र, राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष सुधीर गुप्ता को कानपुर क्षेत्र, राष्ट्रीय सचिव अरविंद मेनन को गोरखपुर और उत्तर प्रदेश के सह प्रभारी सुनील ओझा को काशी क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

SEBI का फैसला: एक जनवरी से बदलेगा शेयर बाजार का नियम

वेब डेस्क। बाजार नियामक सेबी ने बड़ा एलान किया है। सेबी ने T+1 (ट्रेड+1 दिन) सेटलमेंट साइकिल पेश किया है। इसके तहत अब शेयरों में होने वाले कारोबार को एक दिन में ही सेटल कर दिया जाएगा। हालांकि यह सेटलमेंट प्लान वैकल्पिक है। अगर ट्रेडर्स चाहें तो इसे चुन सकते हैं। नया नियम एक जनवरी 2022 से लागू हो जाएगा। मौजूदा समय में देश में अप्रैल 2003 से T+2 सेटलमेंट साइकल लागू है। यानी जब आप शेयर बेचते हैं, तो वो शेयर तुरंत ब्लॉक हो जाता है और राशि आपको कारोबारी दिन के दो दिन बाद (T+2 डे) मिलती है। इससे पहले देश में T+3 सेटलमेंट साइकिल चल रहा था। सेबी के नए सर्कुलर के अनुसार, नए साल से कोई भी स्टॉक एक्सचेंज सभी शेयरधारकों के लिए किसी भी शेयर के लिए T+1 सेटलमेंट साइकिल को चुन सकता है। आसान भाषा में समझें, तो आपको शेयर बेचने पर कारोबारी दिन के एक दिन बाद ही पैसा मिल जाएगा। यह छोटा सेटलमेंट साइकल ज्यादा सुविधाजनक होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे पैसे के रोटेशन में तेजी आएगी ध्यान रहे कि यदि स्टॉक एक्सचेंज किसी भी शेयर के लिए एक बार T+1 सेटलमेंट साइकल को चुनता है, तो उसे कम से कम छह महीने तक जारी रखना होगा और यदि स्टॉक एक्सचेंज बीच में T+2 सेटलमेंट साइकिल चुनता है, तो भी उसे एक महीना पहले नोटिस देना होगा। मालूम हो कि अगस्त 2021 की शुरुआत में ही सेबी ने इसके लिए निशेषज्ञों का एक पैनल बनाया था, जिसे T+2 के बजाय T+1 साइकल लागू करने की प्रक्रिया की मुश्किलों पर रिपोर्ट पेश करनी थी। यह फैसला मार्केट इंफ्रास्ट्रक्चर इंस्टीट्यूशंस जैसे स्टॉक एक्सचेंज, क्लीयरिंग कॉर्पोरेशन और डिपॉजिटर्स के साथ बातचीत के बाद लिया गया है। सेबी ने सनराइज एशियन लिमिटेड समेत 85 कंपनियों और व्यक्तियों पर शेयर बाजार में कारोबार करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इन कंपनियों पर शेयर प्राइस में हेराफेरी करने के चलते एक साल का बैन लगाया गया है। सनराइज पांच डायरेक्टर्स को कैपिटल मार्केट से एक साल के लिए और 79 इकाइयों को छह महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया है।

दुर्लभ संयोग में कल मनाई जाएगी हरतालिका तीज

जबलपुर,यशभारत। हरतालिका तीज को सुहाग का व्रत माना गया है. इस व्रत को रखने से सुहाग की लंबी उम्र की कामना पूरी होती है। परिवार का कल्याण होता है. इस व्रत को हर साल भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है। हरतालिका तीज व्रत 9 सितंबर को रखा जाएगा. इस साल का तीज व्रत अत्यंत खास है. कारण है इस दिन बनने वाला शुभ योग। हरतालिका तीज पर इस बार रवि योग बन रहा है. ऐसा कहा जा रहा है कि ये योग तकरीबन 14 साल बाद बन रहा है. इस योग को बेहद शुभ माना जाता है. और मान्यता है कि इस योग में पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं.

हरतालिका तीज पर रवियोग का समय

दुर्लभ संयोग में रवि योग 9 सितंबर, गुरुवार को दोपहर 2:30 बजे से ये योग आरंभ होगा जो 10 सितंबर, शुक्रवार को 12 बजे तक रहेगा. तीज व्रत के लिए पूजा का शुभ समय शाम 05:16 बजे से 06:45 बजे तक का है.

हरतालिका तीज व्रत के दिन सुहागिन महिलाएं भगवान शिव, देवी पार्वती और श्री गणेश जी की पूजा करती हैं। पूजा के लिए महिलाएं इन देवी-देवताओं की कच्ची मिट्टी से मूर्ति बनती हैं और इनकी विधि-विधान से पूजन करती हैं। इस दिन निर्जला व्रत रखा जाता है। व्रत में किसी प्रकार का अन्न और जल ग्रहण नहीं किया जाता है। व्रत के अगले दिन महिलाएं व्रत का परायण जल पीकर करती हैं और व्रत समाप्त करती हैं। हरतालिका तीज के व्रत में आठों पहर पूजन का विधान है। इसलिए इस व्रत में रात्रि जागरण करते हुए शिव-पार्वती के मंत्रों का जाप या भजन करना चाहिए। पूजन के दौरान हरतालिका तीज की व्रत कथा का श्रवण जरूर करना चाहिए। यह विशेष फलदायी होता है।करवा चौथ से भी कठिन है तीजा व्रत . इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की सुरक्षा और अपने अखंड सौभाग्यवती होने का व्रत रखती हैं. वहीं कुवांरी कन्याएं यह व्रत अपने मन पसंद अर्थात मनवांछित वर प्राप्त करने के लिए रखती है. इस दिन महिलाएं सारा दिन बिना कुछ भी ग्रहण किये हुए निर्जला व्रत रखती है। इसी से मिलता

बंदिशों के बीच विराजमान होंगी विघ्नहर्ता की प्रतिमाएं, छोटे रहेंगे पंडाल

तीजा के दूसरे दिन 10 सितंबर को गणेश चतुर्थी के साथ घर-घर में गणपति बप्पा विराजमान हो जाएंगे। मगर खास बात यह है कि कोरोना गाइडलाइन के कारण तमाम बंदिशों के बाद भी शाहर में विघ्नहर्ता की विशाल प्रतिमाएं विराजमान होंगी। हालांकि पंडाल छोटे रहेंगे, जिससे कि भीड़ न एकत्रित हो। श्री गणेश स्थापना चल समारोह व विर्सजन चल समारोह समेत 10 दिनों तक बच्चो के सामाजिक, सांस्कृतिक उत्सव की तैयारी भी पूरी कर ली गई थी। कोरोना की नई गाइडलाइन आने के बाद सभी प्रकार के आयोजन स्थगित कर दिए गए हैं। केवल विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता से कोरोना समाप्ती एवं कोरोना के कारण देश में बिगड़े आर्थिक हालातों सुधारने की कामना के साथ प्रतिमा विराजित की जा रही है।

सरल रखेगा भाजपा के हर बूथ का हिसाब-किताब

प्रत्येक बूथ को जोड़ा जा रहा पार्टी के ऑनलाइन पोर्टल से

विस्तारक डेटा दर्ज करने से पहले करेंगे वेरीफिकेशन

जबलपुर। विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा एक-एक वोट का ऑनलाईन हिसाब रखेगी। इसके लिये भाजपा ने सरल नामक एक पोर्टल बनाया है। इस पोर्टल पर हर बूथ का हिसाब रहेगा। मप्र में लगभग 65 हजार बूथ जल्द ही डिजिटली रूप लेने जा रहे हैं। प्रत्येक बूथ को पार्टी के ऑनलाईन पोर्टल से जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक बूथ की टोली के कार्यकर्ताओं को मिलाकर सात लाख से अधिक कार्यकर्ताओं का ब्योरा पोर्टल से प्रदेश भाजपा कार्यालय और केंद्रीय कार्यालय दिल्ली के पास मौजूद रहेगा।

गौरतलब है कि भाजपा कैडर बेस पार्टी है। पार्टी अपने एक-एक कार्यकर्ता को संगठन का महत्वपूर्ण अंग मानती है। ऐसे में कार्यकर्ताओं का मान बढ़ाने के लिये पार्टी हर बूथ को अपने पोर्टल से जोड़ रही है। भाजपा के सूत्रों के मुताबिक पार्टी अपने प्रदेश भर के 65 हजार बूथों को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जोड़ेगी। इन्हें कार्यकर्ताओं के मोबाइल नंबर के जरिए जोड़ा जाएगा। इसके बाद सरल नाम के इस पोर्टल पर प्रत्येक बूथ के टोली मेंबर की जानकारी दर्ज की जाएगी। प्रत्येक बूथ की टोली में 11 सदस्य होते हैं। इस प्रकार प्रदेशभर के 65 हजार बूथों पर 7 लाख 15 हजार कार्यकर्ताओं का ब्यौरा उपलब्ध होगा।

हर एक कार्यकर्ता का होगा वेरीफिकेशन

भाजपा की इस बार कोशिश है कि पार्टी से बेदाग छवि के लोगों को जोड़ा जाए। इसलिए सात लाख से अधिक पार्टी के प्राथमिक कार्यकर्ताओं का विस्तारक क्षेत्र में पहुंचकर वेरीफिकेशन करेंगे। इस काम में पार्टी लगभग 10 हजार विस्तारकों को मैदान में उतारेगी। यह विस्तारक एक दिन में 10 घंटे और कुल 100 घंटे का समय बूथों पर जाकर बिताएंगे और काम को पूरा करेंगे। विस्तारकों के पास पार्टी को प्राथमिक स्तर पर मजबूत करने अन्य कई तरह के काम होंगे, वे टोली कार्यक्रमों से संवाद करके उनका नाम, उम्र शिक्षा, पता आदि जानकारी दर्ज करेंगे। यह जानकारी बाद में पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। पार्टी की कोशिश है कि उसके हर कार्यकर्ता का पूरा हिसाब उसके पास रहे।

पार्टी कार्यक्रमों को गति मिलेगी

भारतीय जनता पार्टी की कोशिश है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का फायदा हर एक व्यक्ति को मिल सके। इसके लिए पार्टी निरंतर कार्यक्रम चलाती रहती है। उनका मानना है की बूथों के डिजिटली रूप से लेने से पार्टी के कार्यक्रमों को गति मिलेगी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक बूथ डिजिटली रूप से लेने पर पार्टी के भोपाल या दिल्ली में बैठे पार्टी के बड़े नेता व पदाधिकारी प्रदेश के किसी भी जिले के दूर-दराज तक के बूथ से सीधे संवाद कर सकेंगे। वे पार्टी गतिविधियों की मैदानी स्तर की जानकारी और फीडबैक भी सीधे ले सकेंगे।

कृष्णा साहू बने किसान कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष

जबलपुर। विगत दिनों किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रोहित सैनी ने बरगी विधायक संजय यादव की अनुशंसा पर ग्राम जोगोधाना के युवा कांग्रेस नेता कृष्णा साहू (चम्मू) को बरगी ब्लॉक किसान कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया है , विदित हो कृष्णा साहू पूर्व में युवक कांग्रेस के के पदाधिकारी रह चुके है ,उनकी नियुक्ति पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महंत दयानंद गिरी, बमबम तिवारी, , रूपेंद्र साहू, संतोष चौकसे, शरद सिंह गौर, विकास खन्ना,,,शानू यादव,,पंकज परस्ते,गीतेश साहू आदि ने बधाई प्रेषित की है ।

27 कर्मचारी ओ एफ के इंटक में शामिल

सुरक्षा कर्मचारी यूनियन ने नेताओं ने किया स्वागत

जबलपुर यशभारत। गत दिवस खमरिया लेबर यूनियन के कार्य कर्ताओं ने सुरक्षा कर्मचारी यूनियन की सदस्यता ग्रहण की।जिममें मो. नसीम (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ए आई डी ई एफ) ने अपने 27 सदस्यों के साथ सुरक्षा कर्मचारी यूनियन (इंटक) का दामन थामा। कार्यक्रम के दौरान आई एन डी डब्ल्यू एफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सदस्य जे सी एम-II (एम ओ डी) अरुण दुबे ने यूनियन में सम्मिलित हुए मो.नसीम सरफराज अहमद अमित कुमार महाराज सिंह सैयद इकबाल पवन राठौर सिराजुद्दीन सईदुल जफर खान दुर्गेश पाल मो. शहनवाज खान संजय सिंह अब्दुल फाजिल खान सुरेन्द्र बरकड़े मो. आलम खान रईस खान नदीम अरविंद मिश्रा मो. इशरार प्रदीप कुमार वंशकार फाजिल खान प्रभात शफी मोहम्मद रंजन कुमार अमित सिंह अद्रियानुस मिंज पंकज उमेश चौहान का स्वागत करते हुये उन्हें यूनियन की विचार धारा से अवगत कराया एवं साथ मिलकर मजदूर हित में कार्य करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश पटेल ने किया। सभा में यूनियन के आनन्द शर्मा, अमित चौबे अखिलेश पटेल अनुपम भौमिक हदेश यादव अनिल गुप्ता जीजो सी जेकब आशीष तिवारी धर्मेन्द्र रजक राहुल चौबे उदय जायसवाल अजब सिंह भात्रा महबूब खान शकील खान खतीब अहमद मो. जावेद अनुज मिश्रा रमेश यादव दुर्गेश बगारे जीवन सिंह गुरप्रीत सिंह राहुल पटेल, शिवम शुक्ला, अनुज सिन्हा,सचिन दुबे, रविचन्द्रा, कुलदीप अक्षय राठौर अशोक सिंह अमित सचान लक्ष्मी पटेल लोकेश संतोष, मुकेश पाण्डे सुनील नायक शकील मंसूरी सुनील खत्री आदि सभी उपस्थित थे ।

कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने किया सम्मान

जबलपुर। सामाजिक एक जुटता सर्व समाज जागरूक करते हुए संविधान ही सर्वोपरि है।चाहे ष्ट रूके पिता हों संविधान से कोई बड़ा नहीं हो सकता संस्कारधानी का गौरव बढ़ाने के लिए सर्व समाज की ओर से कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ ने पंडित अमित खंपरिया को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया ।इस मौके पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष पं.धन्नजय बाजपेई, सम्पूर्ण, सम्पूर्ण हिंदू श्रंखला परिवार के अध्यक्ष शशांक, डॉ.अरुण मिश्रा, बबलू पंडा, यदुवंश मिश्रा, अनिल दुबे, प्रकाश चंद्र साहू, चमन चढार आदि सभी पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

जगतगुरु शंकराचार्य ने किया शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान



जबलपुर। परम पूज्य ज्योतिष एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज जी के प्राक्टय उत्सव पर सात दिवसीय कार्यक्रम में पूज्य शंकराचार्य जी के सानिध्य में मंगलवार को जबलपुर शहर के वरिष्ठ चिकित्सकों का सम्मान एवं अभिनंदन झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम में किया गया। पूज्य शंकराचार्य जी ने डॉ राजेश धीरावाणी, डॉ दीपक बहरानी, डॉ अश्वनी द्विवेदी]डॉ व्ही के भारद्वाज, डॉ व्ही व्ही श्रीवास्तव, डॉक्टर प्रदीप कसार डॉ अश्विनी पाठक ,डॉ अश्वनी द्विवेदी ,डॉअश्वनी वर्मा ,डॉ विकास मिश्रा का शॉल श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र से सम्मान किया गया। इस मौके पर दंडी स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज ,दंडी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराज शंकराचार्य जी के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द ब्रह्मचारी चैतन्यानंद आदि मौजूद रहे।

जिला पावर लिफ्टिंग चेम्पियनशिप कल

जबलपुर। जिला पावर लिफ्टिंग एसोसिएशन, कामगार यूनियन ओ.एफ.के. एवं आराध्या फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में 9-10 सितम्बर दो दिवसीय जिला पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2020-21 सब जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर्स एवं महिला वर्ग की प्रतियोगिता चयन कम्युनिटी हॉल, ईस्ट लैण्ड, खमरिया (ओलम्पिक ग्राउण्ड के पास) सुबह 10.00 बजे से आयोजित है। प्रतियोगिता में सफल चयनित खिलाड़ी आगामी 23 से 25 सितम्बर को उज्जैन में आयोजित म.प्र.राज्य स्तरीय अनइक्युप्ड पावर लिफ्टिंग चैम्पियनशिप 2020-2021 में जबलपुर जिला पावर लिफ्टिंग टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। अध्यक्ष बाबू विश्वमोहन एवं सचिव विन्सटन लाल ने समस्त खेल प्रेमियों से प्रतियोगिता में पहुंचने की एवं कोविड गाइड लाइन का पालन करने की अपील की है।

खिलाड़ियों का वजन आज शाम पीएसएम में

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का वजन बुधवार दिनांक 8 सितम्बर 2021 को शाम 4 बजे से पीएसएम कॉलेज में लिया जाएगा।

शिक्षकों का सम्मान गिफ्ट श्रीफल व मोती की माला से

जबलपुर। अखिल भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद लार्डगंज शाखा के कार्यक्रम की श्रखला में राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय विमला दीदी की अध्यक्षता में एवं संभाग अध्यक्ष संध्या जैन के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। संध्या जी,अध्यक्ष अर्चना सोना , सचिव पूजा विद्यार्थी ,कोषाध्यक्ष सुशीला नेता जी के सौजन्य से दोपहर 2 बजे जैन पुत्रीशाला में बृहद रूप में शिक्षक दिवस मनाया गया सभी ने शिक्षक दिवस पर अपने अपने विचार व्यक्तकिये। संध्या जी ने अपने बचपन कीयादो को सुनाया । इस अवसर पर विमला दीदी का सम्मान गिफ्ट, श्रीफल, व मोती की माला से किया गया। पुत्रीशाला के सभी सम्मानीय शिक्षकों का सम्मान गिफ्ट, श्रीफल, व मोती की माला से किया गया । राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुषमा ,प्रांतीय उपाध्यक्ष मणि ,..प्रांतीय सहसचिव शशिप्रभा , प्रांतीय सहसचिव चित्रा द्वारा पुत्रीशाला की प्राचार्य वंदना मैडम एवं संरक्षिका व्यास मैडम का सम्मान किया गया। साथ ही शाला में सेवारत कर्मचारिओं का भी सम्मान भी पदाधिकारियो ने मिलकर किया पुत्री शाला मे अध्ययनरत एक बालिका को साल भर की फीस देकर उसे उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी! आभार प्रदर्शन शाखा सचिव पूजा विद्यार्थी द्वारा किया गया।

कम दबाव का क्षेत्र अब गहरे कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील

हो सकती है तेज बरसात

जबलपुर। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अब गहरे कम दबाव के क्षेत्र में तब्दील हो गया है। महाराष्ट्र पर पूर्वी-पश्चिमी हवाओं का टकराव (शियरजोन) बना हुआ है। कच्छ एवं राजस्थान पर हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात बने हुए हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक बुधवार को जबलपुर समेत कई संभागों के जिलों में बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने बताया कि जबलपुर में 11.3, मिलीमीटर बारिश हुई। मंगलवार को र अधिकतम तापमान .... डिग्रीसेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से तीन डिग्रीसे. अधिक रहा। न्यूनतम तापमान ....डिग्रीसे. रिकार्ड किया गया। यह सोमवार के न्यूनतम तापमान (22.6 डिग्रीसे.) के मुकाबले 2.8 डिग्रीसे. अधिक रहा। वर्तमान में दक्षिणी छत्तीसगढ़ के आसपास *सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र संयुग्मित चक्रवातीय परिसंचरण के साथ सक्रिय है ,जो ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। मॉनसून ट्रफ बीकानेर, भीलवाड़ा, इंदौर, अमरावती और सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र से होते हुए पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक विस्तृत है, जबकि दक्षिणी पंजाब क्षेत्र में भी चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय हैं। वहीं सुस्पष्ट निम्न दाब क्षेत्र तक विस्तृत 18 डिग्री उत्तर अक्षांश के सहारे विरूपक हवाओं का क्षेत्र ऊँचाई के साथ दक्षिणी झुकाव के साथ सक्रिय है। 11 सितम्बर को अन्य निम्न दाब क्षेत्र (स्थ्2 उत्तर-मध्य बंगाल की खाड़ी में विकसित होने की संभावना बनी हुई है। इस कारण बारिश के आसार बने हैं। उधरवरिष्ठ वैज्ञानिक (रडार) मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के वेद प्रकाश सिंह के अनुसार 48 घंटे में मध्यम और तेज बारिश की संभावना है। बुधवार सुबह से रात तक दो से तीन बार तेज और मध्यम बारिश हो सकती है। वर्तमान में कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ में है। इसका असर जबलपुर ,इंदौर संभागों में ज्यादा है। इनमें कहीं मध्यम तो कहीं तेज बारिश होगी। 10 सितंबर से बारिश में कमी आएगी। 11-12 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में नया कम दबाव का क्षेत्र बनेगा। एक-दो दिन के अंतराल के बाद फिर से वर्षा की गतिविधि में वृद्धि होगी।

पदोन्नति वेतनवृद्धि समेत कई मांगों को लेकर आक्रोश

आगामी आंदोलन को लेकर बनाई रणनीति

जबलपुर। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा के तत्वावधान एवं जिला शाखा जबलपुर के नेतृत्व में शास. इंजी. महा. जबलपुर में संभागीय शाखा अध्यक्ष अजय दुबे की अध्यक्षता में जिला शाखा अध्यक्ष जबलपुर रविकांत दहायत के नेतृत्व में आवश्यक बैठक की गई। बैठक में पदोन्नति, वेतनवृद्धि, महंगाई भत्ता एवं अन्य 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। बैठक में संभागीय शाखा कार्यकारिणी जिला शाखा कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समस्त विभागीय समिति अध्यक्ष सम्मलित हुए।अजय दुबे, रविकांत दहायत, रामकुमार मेहरा, विपिन पीपरे, राजेन्द्र चतुर्वेदी, सहदेव रजक, प्रेमनारायण, दयाशंकर, शब्बीर खान, राजकुमार केवट, विजय कुमार यादव, अजली कनौजिया, माग्रेट जोसफ, विनीता कोरी, माया कोरी प्रमोद कुमार विश्वास लाजरस, वैद्यनाथन अयर, शशिकांत दुबे, अशोक कोटरवार, तांतीलाल झारिया, संतोष यादव उपस्थित थे।

सफर का चाँद आज नजर आने की उम्मीद

जबलपुर। मुफ्ती-ए-आजम मप्र हजरत मौलाना मो. हामिद अहमद सिद्दीकी के अनुसार 8 सितम्बर मुताबिक उन्तीस मुहर्रम को सफर का चाँद नजर आने की उम्मीद है। लिहाजा मगरिब के वक्त चाँद देखने की कोशिश करें। चाँद नजर आने पर मौलाना साहब को मो.नं. 9926315991, 9302256729 पर इत्तिला दें, ताकि राब्ता कायम कर चाँद का ऐलान किया जा सके।

श्री चक्रधर प्रभु का अवतरण समारोह आज

जबलपुर। श्री चक्रधर प्रभु का अवतरण समारोह आज श्री गोपाल मंदिर बाई का बगीचा में महंत श्रीकृष्ण राज आराध्य महाराज के सान्निध्य मे मनाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 5 बजे श्री मूर्ति का मंगल स्नान, शाम 7 बजे श्री पंच अवतार उपहार महोत्सव, रात्रि 8 बजे प्रवचन, रात्रि 9 बजे अष्ट शताब्दी समारोह, महाआरती, रात्रि 9ञ्30 बजे महाप्रसाद वितरण होगा।

जीसीएफ सीनियर क्लब दो वर्षों से ठप्प

18सौ रुपये वसूले जा रहे सदस्यों ने कहा, देंगे इस्तीफा

जबलपुर यशभारत।वर्षों से सामाजिक सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र रहा जी सी एफ सीनियर क्लब विगत दो वर्षों से बंद पड़ा है।गतिविधियां शून्य होने के बाद भी सदस्यों से डेढ़ सौ रुपये प्रतिमाह यानि 18सौ रुपये वसूले जा रहे हैं।सीनियर क्लब की पात्रता रखने वाले चार्जमेन और उनसे ऊपर के अधिकारी क्लब बंद होने से मनोरंजन के लिए तरस रहे हैं।सदस्यों ने इस संबंध में महाप्रबंधक को पत्र लिखकर शीघ्र गतिविधियों को शुरू करने की मांग की है।एन डी एन जी एस ए के सचिव राकेश दुबे ने कहा है कि क्लब की कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त लंबा अरसा हो गया है।जब सारी गतिविधियां जारी है तो उसके चुनाव क्यों नहीं कराये जा रहे हैं।इसके साथ ही कोरोना के कारण दो साल से बंद है फिर भी सदस्यों से हर माह शुल्क वसूला जा रहा है।सदस्यों का कहना है कि शाम को छुट्टी के बाद रिलेक्स होने के लिए सदस्य जाते थे।लेकिन न बैडमिंटन कोर्ट खुलता है न बार रूम खुलता है इसके साथ मनोरंजन के और भी साधनों को बंद करके रखा हुआ है।ऐसे में सदस्यों से हर माह शुल्क क्यों वसूला जा रहा है।जी सी एफ के ए आई ए एन जी ओ के अजय रजक और आई ओ एफ जी ओ एसोसिएशन के प्रकाश मालवीय और एन डी जी बी ओ के सचिव दीपक कुमार ने कहा कि यदि क्लब नहीं खोला और उसका विधिवत संचालन नहीं होता है तो सभी सदस्य स्तीफा दे देंगे।क्योंकि अनावश्यक रूप से18सौ रुपये हर साल बसूले जा रहे हैं और मनोरंजन की सुविधाएं नाममात्र को भी नहीं है।

अवार्ड प्राप्त करते स्टैमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के संचालक पर्व जायसवाल साथ में प्रशासक श्रीमती सुप्रिया जायसवाल

लोगों के हुनर को दी नई पहचान

अलग मुकाम हासिल करने वाली हस्तियों को आंत्रप्रेन्योर एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड्स -2021

जबलपुर । खुद पर विश्वास के चलते अपने तय किये गये लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है, शहर में ही कुछ हस्तियां ऐसा है जिन्होंने एक अलग मुकाम हासिल किया। ऐसे ही लाइफ में कुछ कर गुजरने का जज्बा रखने वालों को मंगलवार को सम्मानित किया गया। लोगों के हुनर को नई पहचान भी दी गई। मौका था 1943 मायएफएम द्वारा आयोजित आंत्रप्रेन्योर एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड्स -2021 का, जिसमें चिकित्सा शिक्षा और व्यवसाय समेत विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी उत्कृष्ट संस्थाओं और सदस्यों को विशेष उपलब्धि और शहर के विकास में योगदान के लिए अवॉर्ड से नवाजा गया। इनमें स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर पर्व जायसवाल व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुप्रिया जायसवाल को भी आंत्रप्रेन्योर एंड एक्सीलेंस अवॉर्ड्स -2021 से अलंकृत किया गया। इसके पूर्व गरिमामय कार्यक्रम की शुरआत दीपप्रज्वलन व नृत्य प्रस्तुति से हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, एडिशनल एसपी ट्रैफिक संजय अग्रवाल ने पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की हौसला अफजाई की। इस मौके पर भास्कर परिवार की ओर से आभार देबांजन घटक ने व्यक्त किया ।शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये समारोह में शहर के किड्स कैसल स्कूल को एक्सीलेंस इन प्रोवाइडिंग होलिस्टिक एप्रोच टू ईयरली चाइल्डहुड केयर एजूकेशन केटेगरी में अवार्ड दिया गया।

AN INITIATIVE T
ENTREPRE

पुलिस का बदमाशों में खौफ आम आदमी में विश्वास होना चाहिये

जबलपुर, यशभारत। पुलिस कन्ट्रोलरूम जबलपुर मे पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.), द्वारा बैठक ली गयी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर रोहित काशवानी (भा.पु.से.), अति. पुलिस अधीक्षक शहर दक्षिण/अपराध गोपाल प्रसाद खाण्डेल , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात संजय कुमार अग्रवाल, अतिरिक्त ग्रामीण शिवेश सिंह बघेल, सहित जिले में पदस्थ समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना प्रभारी उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा (भा.पु.से.) द्वारा बैठक मे सर्वप्रथम गणेश उत्सव पर्व मनाये जाने के सम्बंध में शासन द्वारा जारी गाईड लाईन कडाई से पालन कराने हेतु सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में गणेश उत्सव के आयोजकों, डीजे, लाईट के संचालकों , मूर्तिकारों, एवं भण्डारे का आयोजन करने वालों की बैठक लेकर सभी को जारी निर्देशों से अवगत कराने हेतु आदेशित किया गया था के सम्बंध में विस्तार से समीक्षा की गयी ।आपने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि सी.एम. हेल्प लाइन से संबंधित शिकायतों की प्रतिदिन थाना प्रभारी स्वयं सुनवाई करते हुए शिकायतकर्ता से विनम्रता पूर्वक चर्चा करें एवं उनकी जो भी शिकायत है वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसका प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निकाल करें एवं शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से अवगत भी करायें, साथ ही आप सभी राजपत्रित अधिकारी भी अपने-अपने अनुभाग की सीएम हेल्प लाइन से संबंधित शिकायतों की सुनवाई हेतु प्रति सप्ताह शनिवार के दिन अनुभाग के किसी भी एक थाने में कैंप लगायें, एवं लंबित शिकायतों की स्वयं सुनवाई करते हुये निकाल करायें। महिलाओं, बच्चों, वृद्धों एवं समाज के कमजोर वर्गो के प्रति संवेदनशील रहते हुये इनके द्वारा की गयी शिकायतों पर तत्काल विधिसंगत कार्यवाही करते हुये राहत पहुचांये, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होना चाहिये , आपके द्वारा की गयी कार्यवाही निष्पक्ष एवं पारदर्शी होनी चाहिए ।अपराध समीक्षा के दौरान आपके द्वारा थानों में लंबित धारा 363 भादवि के प्रकरण में नाबालिक बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी के प्रयास एवं लंबित अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रकरणों की समीक्षा करते हुये अपहृत अवयस्क बालक/बालिकाओं की हर सम्भव प्रयास कर दस्तयाब करने हेतु तथा एससी/एसटी के प्रकरणों मे पीडित को तत्काल राहत राशि दिलाये जाने हेतु आदेशित किया गया।

थाना प्रभारियों की समीक्षा बैठक एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा

शादी निभाने पति को चाहिए लग्जरी कार

जबलपुर, यशभारत। रांझी निवासी दहेज लोभी ने अपनी पत्नी कोकार की मांग पूरी न होने पर घर से भगा दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि वर्तमान में घमापुर ललित कॉलोनी स्थित अपने मायके में रह रही 28 वर्षीय कोमल समुद्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि कुछ समय पूर्व उसका विवाह रांझी बड़ा पत्थर में रहने वाले अनुज समुद्रे के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिनों बाद ही अनुज और उसके परिजन कोमल को मायके से कम दहेज लाने की बात का उलाहना देते हुए लग्जरी कार लाने की डिमांड करने लगे। कोमल ने जब अपने परिजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर बताते हुए मांग पूरी करने से इंकार कर दिया तो अनुज ने उसे मानसिक और शारीरिक रुप से प्रताड़ित करना शुरु कर दिया। इसके बाद भी जब बात नहीं बनी तो कोमल को घर से भगा दिया गया।

जी एस आई प्रदेश इकाई के निर्वाचन संपन्न

जबलपुर। भारतीय भू वैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मज़दूर संघ के म प्र इकाई के द्विवार्षिक निर्वाचन की प्रक्रिया आज जबलपुर में जी एस आइ कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई । इस दौरान भारतीय मज़दूर संघ के ज़िला संघ के द्वारा दस प्रतिनिधिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित हुए । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा भारत माता के पूजन से हुआ । इसके पश्चात संघ की परंपरा अनुसार श्रमिक गीत का गायन हुआ तत्पश्चात सत्र का शुभारंभ हुआ । जी डी आई की इस इकाई के निर्वाचन में ए पी मिश्रा जी को अध्यक्ष तथा श्रवण राव को सचिव चुना गया । इसी के साथ उपाध्यक्ष पद पर अजय कुमार संगठन मंत्री मुकेश चौरसिया कोषाध्यक्ष शुभम तिवारी सहित कार्यकारिणी सदस्य के रूप में के आर ब्राम्हे आर के विश्वकर्मा रामकली बाई एवं तान्या बिष्ट को चुना गया । सभी ने नए पदाधिकारियों को बधाइयाँ दी । कार्यक्रम के दूसरे सत्र में भारतीय मज़दूर संघ के अतिथियों ने अपने उदबोधन दिए । इसी क्रम में बी एम एस केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य अखिलेश श्रीवास्तव ने बी एम एस की रीति नीति से सभी को परिचय कराया । प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा ने ठेंगडी जी के जीवन से सभी को परिचित कराया । प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीदी लता ठाकुर ने असंगठित क्षेत्र की समस्याओं पर प्रकाश डाला तथा सबसे कम उम्र एवं सबसे ज्यादा उम्र के सदस्य का सम्मान किया ।जिला मंत्री कृष्णकांत शर्मा ने विस्तार से जिला संघ की गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला तथा सभी को हमेशा सक्रिय रहने कहा । कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहें ज़िला अध्यक्ष रामकुमार सैयाम ने अपने उदबोधन में ज़िला संघ की उपलब्धियों पर प्रकाश डालकर सबको आगे आने का आह्वान किया । कार्य ज़िला अध्यक्ष पवन देवक ,कोषाध्यक्ष अशोक वर्मा,अमित मेहरा तथा सत्यम मंडलोई ने नव नियुक्त सभी पदाधिकारी को शुभकामनाएँ प्रेषित की । विभाग प्रमुख बसंत गोरे बारिश के कारण कार्यक्रम में उपस्थित नही हो पाए थे तो उन्होंने फ़ोन पर सभी को बधाइयाँ प्रेषित की । कार्यक्रम के अगले सत्र में जी एस आई के कार्यकारी निदेशक तलवार जी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित हुए तथा अपने उदबोधन में संगठन को हमेशा सहयोग करने का आश्वासन दिया । ज़िला संघ जबलपुर के द्वारा जी एस आइ इकाई के लिए कार्यालय की माँग की गयी जिस पर अधिकारियों द्वारा आश्वासन प्राप्त हुआ । कार्यक्रम का सफल संचालन के आर ब्राम्हे तथा आभार प्रदर्शन ए पी मिश्रा के द्वारा किया गया ।

लघु वेतन कर्मचारी संघ की बैठक

14 सूत्रीय मांगों को लेकर पदाधिकारियों ने की चर्चा

जबलपुर। मध्यप्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा के तत्वावधान एवं जिला शाखा जबलपुर के नेतृत्व में शास. इंजी. महा. जबलपुर में संभागीय शाखा अध्यक्ष अजय दुबे की अध्यक्षता में जिला शाखा अध्यक्ष जबलपुर रविकांत दहायत के नेतृत्व में आवश्यक बैठक की गई। बैठक में पदोन्नति, वेतनवृद्धि, महंगाई भत्ता एवं अन्य 14 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। बैठक में संभागीय शाखा कार्यकारिणी जिला शाखा कार्यकारिणी के पदाधिकारी एवं समस्त विभागीय समिति अध्यक्ष सम्मलित हुए। अजय दुबे, रविकांत दहायत, रामकुमार मेहरा, विपिन पीपरे, राजेन्द्र चतुर्वेदी, सहदेव रजक, प्रेमनारायण, दयाशंकर, शब्बीर खान, राजकुमार केवट, विजय कुमार यादव, अजली कनौजिया, माग्रेट जोसफ, विनीता कोरी, माया कोरी प्रमोद कुमार विश्वास लाजरस, वैद्यनाथन अयर, शशिकांत दुबे, अशोक कोटरवार, तांतीलाल झारिया, संतोष यादव कमल मुद्दल उपस्थित थे।

घमापुर में ऑटो चालकों का बवाल

कमीशन के चक्कर में बका से किया वार, लहूलुहान थाने पहुंचा युवक

जबलपुर, यशभारत। थाना घमापुर में दो ऑटो चालक सवारी बैठालने के बाद कमीशन को लेकर झगड़ पड़े। देखते ही देखते गोपाल होटल के पास आरोपी चालक ने बवाल कर दिया और जमकर गाली गलौच करते हुए बका से हमला कर दूसरे ऑटो चालक को लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है। जानकारी अनुसार वीरेन्द्र सोधा उर्फ वीरू उम्र 32 वर्ष निवासी चांदमारी तलैया नवीन दुर्गा मंदिर के पास ने पुलिस को बताया कि वह ऑटो चलाता है। जब अपनी सवारी ऑटो लेकर गोपाल होटल पहुंचकर सवारी उतार रहा था, उसी ऑटो का चालक रोहित वंशकार आया और सवारी उतारने-बैठाने के नाम पर 50 रूपये मांगने लगा। उसने रूपये देने से मना किया तो रोहित वंशकार उसके साथ गाली गलौज करते हुये हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगा तभी रोहित वंशकार का दोस्त लक्ष्मण वंशकार का लड़का रोहित वंशकार तलवार नुमा बका लेकर आया और हमला कर, जख्मी कर दिया। दोनों उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी रोहित वंशकार उम्र 25 वर्ष निवासी शीतलामाई को अभिरक्षा में लेते हुये फ रार आरोपी रोहित की तलाश जारी है।

धारदार हथियार से किया वार

तो वहीं, थाना गोरखपुर में अजय चक्रवर्ती उम्र 34 वर्ष निवासी हाथीताल कालोनी ने पुलिस को बताया कि वह अंडे की दुकान चलाता है । रात लगभग 8 बजे वह अपने घर जा रहा था, उसी समय रास्ते में तरूण विश्वकर्मा अपने दोस्त साहिल भाटरा और सूजल तिवारी के साथ उसे रोककर शराब पीने के लिये पैसा मांगने लगा, उसने पैसा देने से मना किया तो गली गलोज कर जान से मारने की धमकी देते हुये चले गये, उसके बाद वह घर चला गया कुछ देर बाद सूजल तिवारी उसके घर आया और बोला कि पापा बुला रहे हैं तो वह एवं अखलेश दोनों सूजल तिवारी के कहने पर सूजल तिवारी के साथ सूजल तिवारी के घर के सामने पहुंचे तो बबलू मिला और उसे समझाने लगा । उसी समय साहिल भाटरा एवं सूजल तिवारी उसके साथ गाली गलोज कर मारपीट करने लगे एवं बोले कि तरूण को पैसा क्यों नहीं दिये। हम लोगों को शराब पीना है तथा साहिल भाटरा ने किसी धारदार चीज से हमला कर जख्मी कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर, फरार आरोपी को तलाश करने में जूटी है।

पनागर में बुझ गया घर का एकलौता चिराग

बाइक सवार 19 वर्षिय युवक की मौत, गड्ढे में गिरी बाइक, पीछे बैठा था युवक, फट गया सिर

जबलपुर, यशभारत। मजदूरी कर घर लौट रहे पनागर के मोहनिया निवासी दो युवक बाइक से जा रहे थे, तभी पनागर में सड़क के गड्ढे में तेज रफ्तार बाइक का अगला चक्का आ गया, जिससे बाइक से चालक का नियंत्रण बिगड़ गया और बाइक के पीछे बैठा युवक सीधे सिर के बल सड़क में गिर गया। इस दर्दनाक हादसे में युवक का सिर फट गया, जिससे अधिक खून बहने के कारण युवक की मौत हो गयी। वहीं, हादसे के बाद बाइक चालक फरार है। घटना के बाद आनन-फानन में राहीगरों ने युवक के परिजनों को खबर दी, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। मृतक घर का इकलौता चिराग था। हादसे की खबर सुनकर परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। एसपी उपाध्याय एएसआई ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि संदीप कोल उम्र 19 वर्ष पिता चंदू लाला कोल मोहनिया का निवासी है। जो बिल्डिंग निर्माण में मजदूरी का काम करता था। कल वह काम समाप्त कर, अपने घर मोहनिया लौट रहा था।

ठेकेदार चला रहा था बाइक

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि मृतक संदीप रवि ठेकेदार की बाइक में बैठकर मोहनिया आ रहा था, तभी अचानक बाइक सड़क के गड्ढे में गिरी, जिससे पीछे बैठे संदीप का बैलेंस बिगड़ गया और वह सीधे आगे की ओर सिर के बल सड़क पर गिर गया। जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी।

बाइक सवार फरार

पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार है। हादसे के दौरान प्रत्यक्ष दर्शियों ने लोगों को बताया कि जैसे ही दुर्घटना हुई बाइक सवार रफूचक्कर हो गया।

मेरे लाल को कोई तो जगा दो....

हादसे के बाद युवक की मां बार-बार बदहवास होकर, पुलिस से एक ही विनती कर रही थी कि कोई तो उसके लड़के को नींद से उठा दो। हादसे के बाद मोहल्ले वाले और रिश्तेदारों ने जैसे-तैसे परिजनों को सम्हाला। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।

स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज का 81 वा जन्म उत्सव कल

जबलपुर । हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद दास जी महाराज का 81 वा जन्मोत्सव 9 सितंबर को सुबह नर्मदा पूजन विराट हासपीस में प्रात: 10-00 बजे पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य में मरीजों से मिलेंगे दोपहर चलित प्रसादम सेवा के द्वारा मेडिकल में भोजन वितरित किया जाएगा सायं 2-00 बजे से 3-00 बजे तक जमना सभागृह गोल बाजार जबलपुर में मुलाकात करेंगे महाराज जी का जन्म सन 1940 में हनुमानताल के प्रतिष्ठित परिवार में पिता जी के स्वर्गवास के 2 माह बाद हुआ था उक्त जानकारी आश्रम के व्यवस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल ने दी



जब घायल महिला यात्री का सहारा बनी आरपीएफ

ट्रेन के इंतजार में आया चक्कर

*जबलपुर यश भारत। मेमू ट्रेन के इंतजार में स्टेशन पर बैठी एक महिला यात्री को चक्कर आ जाने पर रेल सुरक्षा बल द्वारा तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान करके उसके प्राणों की रक्षा की गयी. इस सम्बन्ध में कमान्डेंट अरुण कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गाड़ी संख्या 06622 कटनी मुरवारा से बीना पैसेंजर मेमो स्पेशल के आगमन पूर्व दमोह के प्लेटफार्म नंबर 01पर ट्रेन का इंत?ार करने वाली एक महिला यात्री के चक्कर आकर प्लेटफार्म पर गिरकर घायल होने की सूचना पर आरक्षक रामसजन यादव व महिला आरक्षक विनीता विश्वकर्मा द्वारा घायल महिला यात्री को अटेंड किया गया। घायल महिला यात्री के सिर पर चोट लग जाने से खून बह रहा था एवं एक छोटी बच्ची उसके साथ थी। उक्त घायल महिला यात्री को प्राथमिक चिकित्सा देकर तत्काल जिला चिकित्सालय दमोह ले जाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उसे चिकित्सा दी गई । घायल महिला यात्री का नाम केसर बाई पत्नी टेकचंद उम्र 40 वर्ष निवासी भीटानी कटनी है यह महिला अपनी नातिन काजल उम्र 3 वर्ष के साथ यात्रा टिकट नंबर 59862455 दमोह से पथरिया की यात्रा करने हेतु गाड़ी के इंतजार में प्लेटफार्म पर बैठी हुई थी। महिला के प्लेटफार्म पर गिरने से घायल होने की सूचना दूरभाष से महिला के परिजनों को दी गयी । आरक्षक रामसजन यादव एवं महिला आरक्षक विनीता विश्वकर्मा द्वारा घायल महिला को तत्काल से प्राथमिक चिकित्सा देकर जिला चिकित्सालय में भर्ती कराए जाने पर महिला के परिजनों ने उनका धन्यवाद देते हुए उसे घर वापस ले गए।

ट्रेनों की सुरक्षा के लिए अब रेल इंजनों में लगेगे सी.सी.टी.वी.कैमरे

जबलपुर यश भारत । जबलपुर रेल मंडल द्वारा ट्रेनों की सुरक्षा को मजबूत करने एवं ट्रेन की निगरानी करने के लिए रेल इंजनो को क्लोज सर्किट टी.वी. कैमरों से सुसज्जित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है इस सम्बन्ध में जबलपुर रेल मंडल के विद्युत लोको शेड कटनी में यह कार्य 14 लोको (इंजनो)में लगाकर रिकार्डिंग प्रारंभ कर दी गयी है।

आवाज भी होगी रिकॉर्ड

इस सम्बन्ध में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने बताया कि इन कैमरों से लोको में उपस्थित क्रू मेम्बर्स की आवाज भी रिकार्ड की जाएगी. उन्होंने बताया कि कैमरों से रेल लाईन के ऊपर की विद्युत लाईन सहित त्रिअक की मानिटरिंग ज्यादा अच्छे से की जा सकेगी. उन्होंने बताया कि इनसे क्रू सतर्कता के साथ ही ट्रैक की गतिविधियों आदि का रिकार्ड भी बनाया जा सकेगा. इसके साथ ही इन कैमरों से किसी भी विफलता / आपातकाल के मामले में यह सबूत के रूप में. विफलता का कारण खोजने में मदद करेगा एवं अनाधिकृत पहुंच और गतिविधियों को रिकॉर्ड करेगा।

रेल सरंक्षा आयुक्त ने देवराग्राम-मझौली के मध्य

दोहरीकरण रेल लाइन के कार्य का निरीक्षण किया

जबलपुर यश भारत। पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के कटनी- सिंगरौली रेल खंड पर देवराग्राम से मझौली स्टेशन के मध्य 8.278 किलोमीटर दोहरीकरण कार्य को रेल सरंक्षा आयुक्त (मध्य वृत) द्वारा निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय से प्रमुख विभागाध्यक्ष, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एवं जबलपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक और इंजीनियरिंग, परिचालन, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारी सहित इरकॉन के अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के दौरान रेल सरंक्षा आयुक्त ने इस रेलखंड पर सरंक्षा एवं सुरक्षा से जुड़े संसाधनों, ओएचई लाइन , सम्बद्ध उपकरण तथा सिगनलिंग आदि का निरीक्षण किया और उनके कार्य क्षमता को गहनता से देखा। *121 किलोमीटर प्रति घंटा का सफल ट्रायल भी हुआ*देवराग्राम से मझौली के मध्य रेलखण्ड पर 04 घुमावदार कर्व एवं 02 बड़े ब्रिज, 06 छोटे ब्रिज और 04 सीमित ऊंचाई सबवे (आरयूबी) का निर्माण कार्य किया गया है। इस रेलखण्ड पर सभी प्रकार के रेलवे मापदंडों के अनुसार निर्माण कार्य किया गया है। इस दौरान देवराग्राम से मझौली के मध्य दोहरीकरण लाइन पर इलेक्ट्रिक इंजन से 121 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से सफल स्पीड ट्रायल भी किया गया।

दोहरी व तिहरीकरण का 88 किमी का कार्य पूर्ण

पमरे ने इस वर्ष 2021-22 में दोहरीकरण एवं तिहरीकरण का कुल 88 किमी का कार्य पूर्ण किया है। पूर्ण किये गए कार्यों की प्रगति इस प्रकार है।* कटनी से सिंगरौली दोहरीकरण का कार्य मे न्यू कटनी जंक्शन से कटंगिखुर्द तक 08 किमी एवं देवराग्राम से मझौली तक 08 किमी कुल 16 किमी का कार्य पूर्ण किया गया।* कटनी से बीना तिहरीकरण का कार्य में हरदुआ से रीठी 15 किमी एवं मालखे?ी से खुरई 18 किमी तक कुल 33 किमी का कार्य पूर्ण किया गया।* बीना से कोटा दोहरीकरण के कार्य में अशोकनगर से ओर 13 किमी एवं भौरां से बिजोरा 26 किमी तक कुल 39 किमी का कार्य पूर्ण किया गया। सतना-रीवा रेलखण्ड पर कैमा से सकरिया के मध्य 06 किमी के दोहरीकरण के कार्य को रेल सरंक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

गाड़ियों की बढेगी रफ्तार

कार्य की गुणवत्ता एवं स्पीड ट्रायल पर रेल सरंक्षा आयुक्त ने संतुष्टि व्यक्त की। इस रेलखण्ड के कमीशन होते ही गाड़ियों का परिचालन शुरू हो जाएगा ।दोहरीकरण होने से गाड़ियों की रफ्तार बढ़ेगी और इस क्षेत्र का आर्थिक विकास भी होगा।

भेड़ाघाट पर रूपक प्रसारण दिल्ली से

कल रात साढ़े 9 बजे सुना जा सकेगा

जबलपुर यशभारत ।संगमरमरी चट्टानों के लिए दुनिया भर में विख्यात पर्यटन स्थल भड़ाघाट कर केन्द्रित रूपक भेड़ाघाट प्रकृति की मनोरम कृति का प्रसारण आकाशवाणी दिल्ली के रूपकों के अखिल भारतीय कार्यक्रम में 9 .सितंबर को रात्रि साढ़े9 बजे प्रसारित किया जाएगा ।भेड़ाघाट के विभिन्न पक्षों को अपने आप में समेटे इस रूपक का निर्माण आकाशवाणी जबलपुर केंद्र द्वारा किया गया है ।आकाशवाणी के सहायक निदेशक दिनेश कुमार नामदेव ने बताया कि रूपक का आलेख साहित्यकार डा.अरुण कुमार का है ।जिसको स्वर दिया है चमनलाल सालवार और श्रीमती सावनी राजू ने ।निर्माण प्रस्तुति में सहयोग प्रशांत परमार और प्रस्तुत कर्ता दिनेश कुमार नामदेव हैं। रूपक आकाशवाणी के दिल्ली इन्द्रप्रस्थ चैनल और एयर लाइव न्यूज24*7चैनल पर प्रसारित किया जाएगा ।इसे मीडियम वेव 3745 मीटर(801)किलो हार्ट्स पर सुना जा सकेगा।

निगमायुक्त संदीप जी.आर. द्वारा नगर निगम परिसर का किया गया औचक निरीक्षण

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान पार्किंग व्यवस्था के साथ-साथ परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी लिया जायजा

जबलपुर। निगमायुक्त संदीप जी.आर. के द्वारा आज प्रात: 11 बजे नगर निगम परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अतिक्रमण शाखा तथा वाहन पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। उन्होंने निगम परीसर स्थित महिला पुरूष एवं दिव्यांगजनों के लिए संचालित प्रसाधन केन्द्र का भी निरीक्षण किया और बेहतर साफ सफाई व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परिसर में उत्तम साफ सफाई व्यवस्था रहे और जो भी गाड़ियॉ आती जाती हैं, उसको व्यवस्थित तरीके से खड़ी कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि निगम परिसर साफ स्वच्छ दिखाई दे सके और नगर निगम आने वाले सम्मानीय जनों को कोई असुविधा न हो। इसके लिए सभी को अतिक्रमण शाखा परिसर, पी.डब्लू.डी. चौकी परीसर, तथा रूम नं. 40 के सामने की जगह पर व्यवस्थित तरीके से प्रतिदिन वाहनों को खड़ा करने के निर्देश दिए। नगर निगम परिसर के अकस्मिक निरीक्षण के उपरांत निगमायुक्त संदीप जी.आर. कार्यालय के अंदर प्रवेश करते समय देखा कि कुछ अगंतुक और शासन की योजनाओं से संबंधित लाभ प्राप्त करने के लिए मिलने कार्यालय के बाहर खड़े हैं, उनसे तुरंत मौके पर ही मिले और उनके आवेदनों का उसी समय तुरंत ही समाधान कराया। निगमायुक्त संदीप जी.आर. ने जिन विभागों से संबंधित आवेदन थे उन विभागों के अधिकारियों को समक्ष में बुलाकर तत्काल निराकरण करने तथा लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए।

संपादकीय

कोविड के बाद निपाह का संकट

पहले ही कोरोना की मार से बुरी तरह प्रभावित केरल की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां तेजी से कोरोना संक्रमण हुआ है। प्रतिदिन संक्रमितों की संख्या पूरे देश के कुल आंकड़ों के आधे से अधिक है। दरअसल, पिछले माह त्योहारों के दौरान कोरोना पाबांदियों में छूट दिये जाने के बाद कोरोना संक्रमण के मामलों में अप्रत्याशित तेजी आई है। हालांकि, केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों की अवहेलना की थी, जिसमें कोरोना कर्फ्यू में तीन दिन की छूट न देने को कहा गया था। कभी पूरे देश में कोरोना नियंत्रण की मिसाल बने केरल में फिर कोरोना संकट भयावह हो गया। दरअसल, केरल अब दोहरे संकट में घिरा है। केरल के कोझिकोड में खतरनाक निपाह वायरस के चपेट में आने से एक बारह वर्षीय लड़के की मौत हुई है। ऐसे में कोरोना संकट से मुक्त होने की जद्दोजहद में जुटे केरल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यह एक ऐसी आपदा की दस्तक है, जिसका दुनिया में कोई इलाज मौजूद नहीं है और जिसमें मृत्यु दर बेहद अधिक है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि संकट की आहट पाते ही केंद्रीय विशेषज्ञ चिकित्सकों का दल केरल पहुंचकर समन्वय स्थापित कर रहा है। वहीं राज्य सरकार आपातकालीन उपायों के तहत मरीज के संपर्कों की तलाश, सचेत करने तथा पृथकवास में तेजी दिखा रही है। किशोर के संपर्क में आने वाले लोगों की पहचान की गई है, उनके घरों के आसपास सतर्कता बढ़ायी गई है। चिंता की बात यह है कि निपाह वायरस से संक्रमितों में मृत्युदर सत्तर फीसदी है और इसकी कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बेहद सतर्कता के साथ इसके प्रसार को शुरुआती दौर पर ही रोका जाना चाहिए, ताकि यह फिर महामारी का रूप ग्रहण न कर सके ।बीते वर्षों में केरल सरकार इस वायरस को स्थानीय स्तर पर ही रोक पाने में सफल हुई थी। ऐसे में समय रहते इसके संक्रमण को रोकने के लिये सतर्कता ही कारगर उपचार है। वर्ष 2019 में राज्य ने समय रहते इस वायरस पर काबू पाया था। दरअसल, पहले रोगी के लक्षणों का निदान जरूरी होता है और फिर संक्रमण नियंत्रण के प्रोटोकॉल को लागू करना। निस्संदेह, पिछले अनुभव का लाभ केरल सरकार के लिये मददगार साबित होगा। वर्ष 2018 में राज्य में सामने आये निपाह वायरस के 18 मामलों में सत्रह लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद राज्य सरकार ने भविष्य की चुनौतियों के लिये बीते अनुभव के आधार पर रणनीति तैयार की। वैसे तो कोविड-19 की चुनौती से जूझ रहे केरल में मास्क पहनने, सुरक्षित शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ ही संक्रामक महामारी के निवारक उपायों के प्रति व्यापक जागरूकता आई है। केरल से लगे राज्यों की सीमाओं को सील करने की जरूरत है, इस दिशा में तमिलनाडु में खासी सतर्कता बरती जा रही है। निस्संदेह अन्य राज्यों को भी सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही जिन दो लोगों में निपाह वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है, उनकी व्यापक देख-रेख की जरूरत है। वैसे नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की टीम राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग को तकनीकी सहयोग उपलब्ध करा रही है, फिर भी सतर्क रहने की जरूरत है। वहीं राज्य सरकार भी संक्रमण से मरे किशोर के संपर्क में आये लोगों पर व्यापक निगरानी रखे हुए है। जिन दो लोगों में संक्रमण के लक्षण दिखे हैं, वे किशोर के संपर्क में आये उन बीस लोगों में शामिल थे, जो जोखिम वाली स्थिति में माने जा रहे थे। दरअसल, मलेशिया में 1998 में निपाह नामक जगह में मिलने वाले वायरस को विश्व स्वास्थ्य संगठन तेजी से उभरते वायरस के रूप में देखता है। जिसके वाहक के रूप में चमगादड़ व सुअरों को माना जाता रहा है। बाद में इसके इंसान से इंसान में फैलने का मामला प्रकाश में आया। जिसमें लोग तेज बुखार के बाद सांस से जुड़ी गंभीर बीमारी तथा जानलेवा इंसेफलाइटिस के शिकार बने। जिसमें दिमाग को नुकसान होने की आशंका बनी रहती है।

वन्य जीवों की प्रचुरता और जैविकी विविधताओं के लिए मशहूर कान्हा नेशनल पार्क

प्रदेश में स्थापित नेशनल पार्कों के प्रति देशी पर्यटकों के साथ विदेशी पर्यटक बहुत तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। इनमें से एक है कान्हा नेशनल पार्क। यह पार्क वन सम्पदा, वन्य जीवों की प्रचुरता और जैविकी विविधताओं से लबरेज है।

कान्हा नेशनल पार्क विलक्षण और अद्वितीय प्राकृतिक आवास के लिए जाना जाता है। कान्हा का संपूर्ण वन क्षेत्र वैभवशाली अतीत को आज भी संजोए हुए है, जिसकी वजह से यह पार्क देशी-विदेशी पर्यटकों को बरबस अपनी ओर खींचता है।

मण्डला और बालाघाट जिले की सीमा से लगा यह पार्क प्राकृतिक और पर्यावरणीय गौरव के लिए जाना जाता है। क्षेत्रफल के लिहाज से इसका देश के सबसे ब? राष्ट्रीय पार्कों में शुमार है। कोर वन मण्डल (राष्ट्रीय उद्यान) एवं बफर जोन वन मण्डल कान्हा टाईगर रिजर्व के अन्तर्गत आते हैं। इन दोनों वन मण्डल का क्षेत्रफल क्रमश: 940 और 1134 वर्ग कि.मी. है। राष्ट्रीय उद्यान में 91 हजार 743 वर्ग कि.मी. का क्षेत्रफल क्रिटिकल टाईगर हेबीटेट के रूप में अधिसूचित है। इसके अलावा टाइगर रिजर्व के अधीन एक वन्य-प्राणी अभयारण्य सेटेलाइट मिनी कोर-फेन अभयारण्य है, जो 110.74 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में फैला है।

118 बाघ और 146 तेंदुए सहित अनेक वन्य-जीव है मौजूद

टाइगर रिजर्व में वन्य- प्राणी गणना आकलन 2020 के अनुसार 118 बाघ और 146 तेंदुए मौजूद हैं। बाघों में 83 वयस्क और 35 शावक बाघ हैं। इसके अलावा जंगली कुत्ता, लकड़ बग्घा, सियार,भेड़िया, भालू (रीछ), लोमड़ी, जंगली बिल्ली, जंगली सुअर, गौर, चीतल, बारासिंघा, सांभर, मेढक-मे?की, चौसिंघा, नीलगाय, नेवला, पानी कुत्ता (उद बिलाव), सेही, लंगूर, बंदर, मोर प्रजाति के वन्य-जीव उपलब्ध हैं। साथ ही स्तनधारियों की तकरीबन 43 प्रजाति, पक्षियों की 325, सरी सृप की 39, कीट की 500, मकड़ी की 114 और पतंगों और तितलियों की भी अनेक प्रजाति पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं।

पार्क के यह स्थल है वेहद खास

फेन अभयारण्य ङ्क टाइगर रिजर्व की विशेष इकाई फेन अभयारण्य है। वर्ष 1983 में 110 वर्ग कि.मी. का क्षेत्र फेन अभयारण्य घोषित हुआ। यह क्षेत्र वन्य-जीव के आवासीय स्थल के रूप में पिछले वर्षों से, काफी विकसित हुआ हैं। इस क्षेत्र में पूर्व में 38 मवेशी गाय, भैंस रहकर वन क्षेत्र को नष्ट किया करती थी। वर्ष 1997-98 के मध्य यहाँ से सभी शिवरों को विशेष मुहिम से हटा दिया, तब से यहाँ के वन काफी अच्छे हो गए हैं जिससे अब यहाँ बाघ, तेंदुआ, बायसन, चीतल, सांभर, जंगली कुत्ता आदि विचरण करते दिखाई देते है।

श्रवणताल - कान्हा से 4 कि.मी. की दूरी पर श्रवणताल है। पौराणिक मान्यता अनुसार राजा दशरथ के तीर से मातृ-पितृ भक्त श्रवण कुमार की मृत्यु इसी स्थान पर होना माना जाता है। यहाँ कई साल पहले तक मकर संक्राति का मेला लगता था। श्रवणताल में वर्ष भर पानी रहता है, जिसके कारण नीचे स्थित मेन्हरनाला और देशीनाला क्षेत्र में पानी रिसने से हमेशा नमी बनी रहती है, जो बाघ के लिए उपयुक्त आवास है। बारासिंघा पानी में घुसकर यहाँ जलीय पौधों को अपना भोजन बनाते हैं।

किसली मैदान (चुप्पे मैदान) - पार्क का यह मुख्य प्रवेश द्वार है। वर्ष 1986-87 में यहाँ बसे लोगों को पार्क के बाहर कपोट बहरा में विस्थापित किया गया था। ढ़ाई दशक पहले यहाँ आरा मिल का ऑफिस लगा करता था।

डिगडोला - किसली परिक्षेत्र के उत्तर पूर्व पहाड़ी में एक बैलेंसिंग रॉक संतुलित चट्टान पर अपना संतुलन बनाये रखी है। इस क्षेत्र को डिगडोला कहते हैं। आदिवासियों के लिए यह पूजा स्थल के रूप में विख्यात है।

कान्हा मैदान - कान्हा के चारों ओर घास के मैदान स्थित हैं। यहाँ पहले खेती हुआ करती थी। विस्थापन में 26 परिवारों को वर्ष 1998-99 में मानेगाँव में बसाया गया। इसके बाद खेत घास के मैदान में परिवर्तित हो गये, जिसके कारण शाकाहारी वन्य-प्राणियों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई।

कान्हा एनीकट - देशीनाला में बना एनीकट जल संवर्धन के साथ वन्य जीवों के लिये बहु-उपयोगी माना जाता है। इस एनीकट का निर्माण 72 साल पहले हुआ था।

चुहरी - कान्हा से 3 कि.मी. की दूरी पर चुहरी क्षेत्र है। पानी वाली जगह का चुहरी कहा जाता है। यह क्षेत्र बाघों के आवास के लिए उपयुक्त माना जाता है।

बारासिंघा फेंसिंग - इसका निर्माण पचास साल पहले हुआ था। बारासिंघा का संवर्धन इसी क्षेत्र में ही किया जाता है। इनके संबंध में अनुसंधान/अनुश्रवण आदि के कार्नीवोरस प्रूफ फेंसिंग के अंदर कुछ बारासिंघा को आवश्यकतानुसार यहाँ पर रखा जाता है। बारासिंघा की संख्या में वृद्धि होने पर उन्हें बाद में मुक्त कर दिया जाता है।

बिसनपुरा - कान्हा-मुक्की मार्ग में बिसनपुरा मैदान स्थित है। पहले इस स्थान में छोटा गाँव हुआ करता था। वर्ष 1974-76 के मध्य यहाँ से 13 परिवारों को विस्थापित करके भिलवानी वनग्राम समूह में बसाया गया। वर्तमान में इस स्थान में काफी अच्छे चारागाह विकसित हो जाने से, काफी संख्या में पर्णभक्षी आते हैं। पानी की प्रचुर मात्रा रहने से कान्हा की तरफ से पहाड़ पार से वन्य-जीव का इधर आवागमन काफी अच्छा रहता है। इस इलाके में बारहसिंगा, चीतल, बायसन, जंगली सुअर, भालू और गिद्ध दिखाई देते हैं।

सोंढर एवं सोंढर तालाब - कान्हा-मुक्की मार्ग पर सोढर मैदान स्थित है। पहले इस जगह गाँव हुआ करता था। वर्ष 1974-76 के बीच यहाँ 11 परिवारों को विस्थापित कर अन्यत्र बसाया गया। सोंढर तालाब काफी पुराना है। खेतों की जगह चारागाह विकसित हुए जो बारासिंघा के लिये उपयुक्त है। इस क्षेत्र में एक ही क्रम में पाँच तालाब है, जो ऊपर से नीचे घटते क्रम में है। इसके कारण जल संवर्धन का उचित उपयोग होने से क्षेत्र बारहसिंगा, वाइल्ड बोर, चीतल और वायसन के लिये यह उपयुक्त है।

घोरेला - सोंढर से कुछ दूरी पर घोरेला मैदान है। वर्ष 1974-76 के पहले यहाँ गाँव था जिसमें से 22 परिवारों को विस्थापित करके मुक्की एवं धनियाझोर में बसाया गया। यहाँ बारासिंघा काफी दिखाई देते हैं।

लपसी कबर - बिसनपुरा से कुछ दूरी पर मुक्की की तरफ खापा तिराहे पर, मार्ग के किनारे लपसी कबर है। लपसी वन्य-जीवों का ज्ञाता था। पूर्व में जब शिकार की अनुमति थी तब वह शिकारियों का सहयोगी था। ऐसी किवदंती है, कि लपसी, बाघ के शिकार के समय अपनी पत्नी को गारे के रूप में प्रयोग किया करता था। एक दिन शिकार के समय बाघ द्वारा उसकी पत्नी पर हमला बोलने पर वह स्वयं बाघ से भिड़ गया जिससे दोनों की मृत्यु हो गई। मान्यता यह भी है कि लपसी की कब्र में पत्थर चढ़ाने पर बाघ दिखाई देता है।

सौंफ - औरई मार्ग पर स्थित सौंफ क्षेत्र पहले गाँव था। आज से 52 साल पहले इस गाँव के 29 परिवारों को भानपुर खेड़ा ग्राम में विस्थापित किया गया था। वर्तमान में अच्छे खासे-घास के मैदान हैं। यह क्षेत्र बारासिंघा के लिये मुरीद माना जाता है। जल संवर्धन के लिए कई तालाब तथा डेम हैं। क्षेत्र में बारासिंघा और चीतल मुख्य रूप से है। वर्ष 1993 के जुलाई माह में वनरक्षक स्व. श्री चंदन लाल वाकट शिकारियों के साथ लड़ते हुए, यहीं पर शहीद हुए थे। तब से इस सर्किल का नाम च्चंदन सर्किलज्ज है। सौंफ क्षेत्र बारासिंघा के लिए सर्वश्रेष्ठ आवास स्थल है।

रौंदा - सौंफ से 4 कि.मी. दूरी पर च्रौंदाज्ज क्षेत्र स्थित है। यह क्षेत्र भी पहले गाँव था। वर्ष 1974-76 के मध्य यहाँ से 53 परिवारों को प्रेमनगर, विजयनगर और कारीवाह में बसाया गया। इस क्षेत्र में स्थानों पर चारागाह ही है। यह बारहसिंघा का आवास है।

दरबारी पत्थर-नसेनी पत्थर - चिमटा कैम्प के पीछे एक बड़े आकार का पत्थर है, जो लगभग 20 मीटर चौ?ा और 35 फीट ऊँचा है। इस पत्थर को च्नसेनी पत्थरज्ज भी बोला जाता है। इसके ऊपर छोटे-छोटे पत्थर कुर्सीनुमा रखे हैं। किवदंती है, कि दानव लोग यहाँ बैठकर दरबार करते थे।

ऐसे पहुँचे नेशनल पार्क

कान्हा नेशनल पार्क पहुँचने के लिए पर्यटक वायु मार्ग से निकटतम जबलपुर 100 कि.मी., रायपुर 250 कि.मी. और नागपुर 300 कि.मी. है। इसी तरह निकटतम रेलवे स्टेशन नैनपुर, गोंदिया एवं जबलपुर है। नैनपुर से मंडला जिले के खटिया एवं सरही गेट पहुँचा जा सकता है।

वन्य-प्राणियों की सुरक्षा में 962 अमला है तैनात

केटीआर में वन्य-प्राणियों के सुरक्षा के लिए सहायक वन संरक्षक, वन क्षेत्रपाल, उपवन क्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक, स्थायीकर्मी, सुरक्षा या समिति श्रमिक और भूतपूर्व सैनिक सहित 962 व्यक्ति तैनात हैं। इसके अलावा रिजर्व क्षेत्र के लिए 162 पुरूष और 13 महिलाएँ गाईड का दायित्व निभाती हैं।

हर साल बढ़ती है पर्यटक संख्या

राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक नियमित रूप से च्कान्हा टाइगर रिजर्वज्ज पहुँचते हैं। यह सामान्यत: अक्टूबर से 30 जून तक खुला रहा करता है। नेशनल पार्क में प्रवेश के लिए खटिया, किसली, सरही एवं मुक्की 4 गेट हैं। इसी प्रकार मध्यप्रदेश टूरिज्म सहित अन्य ब? घरानों के होटल भी हैं। वर्ष 2019-2020 में कोर जोन में 90 हजार 135 देशी, 13 हजार 875 विदेशी और बफर जोन में 13 हजार 928 देशी तथा 305 विदेशी पर्यटकों ने पर्यटन किया। वर्ष 2020-2021 में कोर जोन में डेढ़ लाख से ज्यादा देशी और 109 विदेशी पर्यटक आए। बफर जोन में 19 हजार 395 देशी तथा 6 विदेशी पर्यटकों ने पर्यटन किया। वर्ष 2020-21 में कोर जोन में कुल डेढ़ लाख से ज्यादा तथा बफर जोन में 19 हजार 401 पर्यटक आए।

पार्क प्रबंधन को मिला सम्मान

वर्ष 2019 में 'अंग्रेजी भाषा में सर्वश्रेष्ठ प्रकाशन' श्रेणी के तहत कान्हा कॉफी टेबल बुक को भारत सरकार की ओर से पार्क प्रबंधन के लिए च्भारत पर्यटन पुरस्कारज्ज से सम्मानित किया गया। वर्ष 2020 में 'पार्क को अनुभूति कार्यक्रम' के उत्कृष्ट संचालन के लिए राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है।

ऋषभ जैन

आपका राशिफल 8 सितम्बर

मेष चू चे चो ला ली लू ले लो अ

कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। शुभांक-3-6-8

वृष इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। शुभांक-6-7-9

मिथुन का की कू घ ङ छ के को हा

समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-8

कर्क ही हू हे हो डा डी डू डे डो

मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-4-8-9

सिंह मा मी मू मे मो टा टी टू टे

संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। मेहमानों का आगमन होगा। शुभांक-6-8-9

कन्या टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

पुराने मित्र से मिलन होगा। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। व्यापार में वृद्धि होगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। शुभांक-4-2-9

तुला रा री रु रे रो ता ती तू ते

माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-6-8-9

वृश्चिक तो ना नी नू ने नो या यी यू

नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-2-6-7

धनु ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-7-9

मकर भो जा जी खी खू खे खो गा गी

कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-6-7-8

कुंभ गू गे गो सा सी सू से सो दा

शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। शुभांक-2-5-7

मीन दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्त्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। शुभांक-3-7-8

फिल्म वर्ग पहेली- 5546



ऊपर से नीचे:-

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरुद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

बायें से दायें:-

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबुल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारुख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 5545



Jagrutidaur.com, Bangalore

सेहत

कब्ज कई बीमारियों की जड़, दूर करेंगे देसी ये उपाय

गलत खान-पान के कारण कब्ज की समस्या होना आम है। शोध की मानें तो भारत में करीब 20प्रश लोग कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं। वैसे तो इसे लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं लेकिन अगर यह समस्या सालों साल बनी रहे तो कोई बीमारियों को जन्म दे सकती है। वहीं, पुरानी कब्ज वजन बढ़ना, पिंपल्स, रिंकल्स, डार्क सर्कल्स का कारण भी बन सकती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ घरेलू नुस्खे बताएंगे, जिससे आप पुरानी से पुरानी कब्ज की भी छुट्टी कर सकते हैं।

सबसे जरूरी बात

कब्ज से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि आप भोजन के कम से कम 15-20 मिनट बाद एक गिलास पानी पीएं। इसके अलावा दिन की शुरूआत भी 1 गिलास पानी से करें।

सलाद खाएं

सिर्फ भोजन के साथ ही नहीं बल्कि दोपहर या शाम के समय 1 बाउल सलाद जरूर खाएं। खासकर सलाद बाउल में मूली जरूर शामिल करें क्योंकि यह पेट साफ करने में मददगार होती है।

पपीता

रोजाना कम से कम 250 ग्राम पपीता खाने से भी पेट साफ होता है। पपीते में नींबू व काली मिर्च डालकर खाने से ज्यादा फायदा होगा।

सौंफ व मिश्री

भोजन के बाद 1 चम्मच सौंप व मिश्री खाएं और फिर आधे घंटे बाद गुनगुना पानी पी लें। आप चाहे तो इसकी बजाए अजवाइन भी खा सकते हैं। इससे भी पेट साफ रहेगा।

अदरक

कच्ची अदरक की जड़ को टुकड़ों में काटकर धीरे-धीरे चबाएं। आप चाहे तो अदरक की चाय बनाकर भी पी सकते हैं। इससे भी कब्ज की समस्या दूर होगी।

घी वाला दूध

एक छोटे कप गर्म दूध में 1 बड़ा चम्मच घी डालकर रात को सोने से पहले पीएं। दूध में हल्दी डालकर पीने से भी कब्ज की समस्या नहीं होगी।

गुनगुना नींबू पानी

1 गिलास गुनगुने पानी में नींबू का रस व शहद डालकर दिन में 2 बार पीएं। इससे भी कब्ज की समस्या दूर होगी और वजन भी कम होगा।

मुनक्का

6-7 मुनक्का दूध में उबालकर रात को सोने से पहले पीएं। इससे भी कब्ज की समस्या दूर रहेगी।

आंवला पाउडर

गर्म दूध या गुनगुने पानी में 1 चम्मच आंवला चूर्ण डालकर भोजन के बाद खाएं। आंवला का चूर्ण कब्ज को जड से मिटा देता है।

इन बातों का रखें ध्यान

1. भोजन में फाइबर युक्त फल, सब्जियों , अनाज आदि की मात्रा बढ़ा दें। साथ ही बाहरी जंक फूड्स व अनहैल्दी चीजों से जितना हो सके परहेज रखें।
2. सोने से कम से कम 1-2 घंटे पहले भोजन करें और भोजन के बाद 10-15 मिनट सैर जरूर करें।
3. भोजन के बाद चाय या कॉफी का सेवन न करें और एक घंटे तक कोई फल भी न खाएं।
4. भोजन समय से करें, अधिक देर तक खाली पेट न रहें।

सूडोकु नवताल- 6067

★★★★★ कठिनतम

				1			6	
					5			
2		3	9			8		
6							5	
			8		3			
	1							4
		7			1	3		9
			2					
	5			6				

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6066 का हल

7	6	8	2	1	9	3	4	5
2	1	5	6	3	4	8	7	9
3	4	9	5	7	8	6	1	2
5	7	4	8	6	1	9	2	3
9	2	1	3	4	5	7	8	6
8	3	6	7	9	2	1	5	4
1	5	3	4	8	5	2	9	7
4	9	7	1	2	3	5	6	8
6	8	2	9	5	7	4	3	1



विचार प्रवाह

10 साल के हो जाओ तो मां की उंगली पकड़कर चलना छोड़ दो। 20 साल के हो जाओ तो खिलौनों से खेलना छोड़ दो। 30 सालके हो जाओ तो इधर उधर घुमाना छोड़ दो। 40 साल के हो जाओ तो रात में खाना छोड़ दो। 50 साल के हो जाओ तो होटल में जाना छोड़ दो। 60 साल के हो जाओ तो व्यापार करना छोड़ दो। 70 साल के हो जाओ तो बिस्तर पर सोना छोड़ दो। 80 साल के हो जाओ तो लस्सी पीना छोड़ दो। 90 साल के हो जाओ तो और जीने की आशा छोड़ दो। 100 साल के हो जाओ तो दुनिया को ही छोड़ दो।

मुनिश्री तरुणसागर जी महाराज

शब्द पहेली - 7140



बाएँ से दाएँ

1. पीया हुआ-2
2. गाने वाला-3
4. दिया, चिराग-2
6. केश-2
7. जिससे ताला खुलता है-2
9. सूरमा -3
12. नख-3
14. तेरह गुणा चार-3
16. एक जैसा तल-4
17. दरवाजे की आवाज-2,2
18. कड़ा, तेज-3
20. आँखों के ऊपर की परत-3
22. साधुवाद देना, वाह-वाह-3
24. पुत्र, एक रंग-2
26. तुम का आदर सूचित शब्द-2
27. पत्र-2
28. आश्चर्य-3
29. तट, किनारा-2

ऊपर से नीचे

1. छोटा गीत-3
2. मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3. जो पका न हो-2
5. हवा, वायु-3
6. बच्चा, बालक-2
8. वीणा, एक वाद्य-2
10. जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11. मूल्य, दर-2
13. मारकाट-5
14. बच्चा-3
15. नाज, अदा-3
19. पंजाब की एक नदी-2
20. जांच-पड़ताल-3
21. हुनर-2
22. बददुआ-2
23. नगर-3
25. बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26. फूलों का प्राकृतिक रस-2

शब्द पहेली-7139 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

भोपाल-जबलपुर हाईवे पर अगले माह से सफर होगा महंगा

भोपाल। राष्ट्रीय राजमार्ग 12 भोपाल-जबलपुर फोरलेन प्रोजेक्ट का काम अंतिम चरण में है। मध्यप्रदेश सड़क विकास निगम (एमपीआरडीसी) द्वारा बनवाए जा रहे इस हाईवे का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। वाहन चालक इस रोड पर वाहन दौड़ा रहे हैं। इस मार्ग के निर्माण से नगर में लगने वाले जाम से वाहन चालकों को छुटकारा मिला है वहीं दुर्घटना स्पाट के नाम से कुप्रसिद्ध नागिन मोड़ को समाप्त कर दिया गया है। वहां पहाड़ काट कर फ्लाई ओवर बनाया गया है। 294 किलोमीटर लंबे इस प्रोजेक्ट की लागत 3800 करोड़ है। कंपनी ने टोल नाके भी तैयार कर दिए हैं। माना जा रहा है कि इसी महीने टोल नाके एमपीआरडीसी के हवाले कर दिए जाएंगे। भोपाल से जबलपुर जाने वाले और जबलपुर से भोपाल की तरफ आने वाले वाहनों को अगले 20 वर्ष तक टोल टैक्स चुकाना होगा। फिलहाल इस बारे में अधिसूचना आना बाकी है। सड़क विकास निगम ने भोपाल जबलपुर फोरलेन हाइवे को ईपीसी (इंजीनियर प्रोक्योरमेंट कंस्ट्रक्शन) आधारित प्रोजेक्ट पर बनाया है। इस प्रोजेक्ट का काम पांच अलग-अलग कंपनियों से करवाया जा रहा है। इसमें भोपाल से बिनेका, बिनेका से बरेली, बरेली से सिंदूर नदी, सिंदूर नदी से हिरन नदी और हिरन नदी से जबलपुर का हिस्सा शामिल है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद एमपीआरडीसी चार में से तीन नाकों पर टोल टैक्स वसूलेगा, वहीं सिंदूर नदी से हिरन नदी के बीच स्थापित होने वाले टोल नाके पर एनएचआइ टोल टैक्स लेगा। औबेदुल्लागंज से जबलपुर तक 270 किमी लंबी सडक़ टोल रोड होगी। निगम के अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल रेट तय नहीं हुए हैं। लेकिन माना जा रहा है कि कार का शुल्क 30-35 रुपये, कमर्शियल व्हीकल का 80 रुपये और भारी वाहन जैसे ट्रक के चालकों को 365 रुपए टोल टैक्स चुकाना होगा। यदि कोई कार चालक भोपाल से जबलपुर जाएगा और आएगा तो उसे 60 किलोमीटर के अंतराल पर बनने वाले हर टोल नाके पर अनुमानित 35 रुपए के मान से 280 रुपए टोल टैक्स चुकाना होगा।

बिसनखेड़ा टोल नाके पर बन रहे 10 गेट

इस हाईवे पर जो चार टोला नाके बनाए जा रहे हैं उनमें से एक औबेदुल्लागंज के पास बिशन खेड़ा में है। भोपाल से बिनेका के बीच एनएच 12 को चौड़ा करने वाली ठेका कंपनी सीडीएस के अधिकारी केएस धामी ने बताया कि यहां हमने सिक्स लेन रोड बनाया है, यहां पर एक टोल नाका स्थापित किया है, जिसके लिए 10 गेट बनाए जा रहे हैं ।

यहां बनेंगे टोल नाके

ईपीसी परियोजना के तहत बनने वाली इस फोरलेन सड़क पर औबेदुल्लागंज, बाड़ी, उदयपुरा एवं जबलपुर के पास राजमार्ग पर टोल नाके बनाए जाएंगे। वाहन चालकों को 2041 तक इस सड़क पर से गुजरने के लिए टैक्स भरना होगा।

फैक्ट फाइल

294.20 किमी कुल लंबाई
3800 करोड़ रुपये लागत
11 नए व बड़े पुलों का निर्माण
एक रेलवे ओवर ब्रिज जबलपुर के पास।
5 अलग अलग निर्माणधीन ठेका एजेंसी

Cash
Only
Only

4 टोल नाके बनेंगे

भोपाल से जबलपुर तक हाइवे फोरलेन को ईपीसी आधारित प्रोजेक्ट पर बनाया जा रहा है। इस मार्ग पर चार टोल नाके बनाए जा रहे हैं जो नोटिफिकेशन के बाद वाहन चालकों से टोल टैक्स वसूलेंगे।

एमएच रिजवी, डीएम एमपीआरडीसी भोपाल

निर्वाचन आयोग ने की मध्य प्रदेश में उपचुनाव की तैयारी, ईवीएम की कराई जांच

भोपाल। खंडवा लोकसभा सहित पृथ्वीपुर, जोबट और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारी कर ली है। इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन(ईवीएम) की पहले दौर की जांच का काम पूरा हो गया है। वहीं, तीन साल से एक स्थान पर पदस्थ अधिकारियों की हटाने की कार्रवाई भी पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों का सर्वे कराया जा रहा है ताकि स्थान परिवर्तन करने की जरूरत हो तो समय रहते यह कार्य पूरा हो जाए।

प्रदेश में खंडवा लोकसभा सीट भाजपा सांसद नंदकुमार सिंह चौहान के निधन की वजह से रिक्त है। वहीं, पृथ्वीपुर कांग्रेस के विधायक बृजेंद्र सिंह राठौर, जोबट कलावति भूरिया और रैगांव भाजपा विधायक जुगलकिशोर बागरी के निधन की वजह से रिक्त हैं। इन स्थानों पर उपचुनाव कराने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय निर्वाचन आयोग को प्रस्ताव काफी पहले भेज चुका है। माना जा रहा था कि बंगाल के साथ यहां भी उपचुनाव की घोषणा हो जाएगी। इसके मद्देनजर सभी तैयारियां भी की जा चुकी हैं। करीब तीन हजार मतदान केंद्र हैं और नौ हजार 600 इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट) लगेंगी।

इनकी पहले दौर की जांच इंजीनियरों से करा ली गई है। वहीं, तीन साल से अधिक एक स्थान पर पदस्थ ऐसे अधिकारी, जिनकी चुनाव में सीधी भूमिका होती है, को हटाने की कार्रवाई भी शासन कर चुका है। जिला प्रशासन ने मतदान और मतगणना के कार्य में लगने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को भी चि-त कर लिया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों का कहना है कि उपचुनाव के संबंध में प्रारंभिक सभी तैयारियां हो चुकी हैं। जैसे ही चुनाव आयोग के निर्देश मिलेंगे, इन्हें अंतिम रूप दे दिया जाएगा। मतदान एक जनवरी 2021 की स्थिति वाली मतदाता सूची से कराए जाएंगे।

कांग्रेस ने मतदान केंद्र स्तर पर बनाई समिति

प्रदेश कांग्रेस ने उपचुनाव के लिए मतदान केंद्र स्तर पर समिति बनाई है। प्रदेश कांग्रेस के अलावा युवा और महिला कांग्रेस ने भी अपने-अपने कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी है। चुनाव के लिए बनाए गए प्रभारी प्रत्याशी चयन को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ एक दौर की बैठक कर चुके हैं। वहीं, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ भी प्रत्याशी चयन के लिए सर्वे करा रहे हैं। तय किया गया है कि सर्वे में जिसका नाम भी आएगा, उसे पार्टी उम्मीदवार बनाएगी।

भोपाल में टीका प्रमाण-पत्र के बगैर अब शॉपिंग मॉल में नहीं मिलेगा प्रवेश

DMart
Entry
NO ENTRY WITHOUT
COVID VACCINATION CERTIFICATE
AS PER GOVT. ORDER

भोपाल । कोरोना की संभावित तीसरी लहर की रोकथाम हेतु शासन के प्रयासों में सहभागी बनने के लिए शहर के शापिंग मॉल संचालक भी आगे आ गए हैं। सभी ने मॉल के मुख्य द्वार पर नो वैक्शीनेशन-नो एंट्री के नोटिस लगा दिए हैं। खरीदारी करने आ रहे ग्राहकों से कोरोना का टीका लगवाने के प्रमाण-पत्र मांगे जा रहे हैं। जानकारी देने के बाद ही प्रवेश दिया जा रहा है। आज से यह व्यवस्था और सख्ती से लागू की जाएगी। दूसरी तरफ राजधानी के तहसील व नजूल कार्यालयों में काम करवाने पहुंच रहे लोगों से भी टीके की जानकारी मांगी जा रही है। टीकाकरण नहीं कराने वालों को कोरोना टीका लगवाने की सलाह दी जा रही है। बता दें कि राजधानी में 15 सितंबर तक 100 फीसद टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करना है, जिसके लिए सख्ती की जा रही है।

सख्ती की वजह

भोपाल जिले में 15 सितंबर तक 100 फीसद फर्स्?ट डोज लगाने का लक्ष्?य ह। अधिकारियों से मिले आंकड़ों के मुताबिक अभी तक 17 लाख 72 हजार लोगों को टीके का पहला और 7 लाख 13 हजार को टीके का दूसरा डोज लगा है। शहर में तकरीबन 18 हजार लोग अब भी ऐसे हैं, जिन्होंने पहला डोज ही नहीं लगवाया है।

शॉपिंग मॉल के बाहर लगाए नोटिस बोर्ड

राजधानी के सभी बड़े शापिंग मॉल संचालकों ने मंगलवार रात तक मॉल के बाहर नोटिस लगवा दिए हैं। मॉल संचालक और सरकारी दफ्तर के प्रमुखों ने बताया कि स्थानीय प्रशासन से टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करने के लिए सहयोग मांगा गया है। इसके बाद नोटिस चस्पा कर दिए हैं। पूर्व की तरह मास्क लगाने के लिए भी लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। हालांकि इस व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन ने अपनी तरफ से कोई दिशा-निर्देश जारी नही किए हैं।

सभी एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिए हैं कि कार्यालय आने वाले आम नागरिकों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। यदि उन्होंने टीके नहीं लगवाए हैं तो उन्हें नजदीक के टीकाकरण केंद्रों में भेजकर टीके लगवाएं।

- अविनाश लवानिया, कलेक्टर, भोपाल

मेडिकल काउंसिल में पंजीयन रोकने से नाराज जूडा आज से फिर हड़ताल पर

भोपाल। मेडिकल काउंसिल में पंजीयन रोकने से नाराज प्रदेश के छह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के जूनियर डाक्टरों ने आज सुबह से फिर हड़ताल पर जाने का ऐलान कर दिया है। इनमें भोपाल के अलावा इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, रीवा और सागर में स्थित चिकित्सा महाविद्यालयों के जूनियर डॉक्टर शामिल हैं। गौरतलब है कि मानदेय में बढ़ोतरी समेत अन्य मांगों को लेकर जूडा ने इस साल 31 जून से छह जुलाई तक हड़ताल की थी। हड़ताल में शामिल होने से जीएमसी के तीन जूडा पदाधिकारियों का मप्र मेडिकल काउंसिल में पंजीयन रोक दिया है। जिन पदाधिकारियों का पंजीयन रोका गया है, उसमें जूडा के प्रदेश अध्यक्ष डा. अरविंद मीणा, जीएमसी जूडा अध्यक्ष डा. हरीश पाठक और शुभम चौरसिया शामिल हैं। ये तीनों अभी पीजी द्वितीय वर्ष में हैं। इनका पंजीयन रोकने के विरोध में यह हड़ताल की जा रही है।

इमरजेंसी सेवाएं भी रहेंगी बंद, टाले जा सकते हैं ऑपरेशन

जूडा के पदाधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह आठ बजे से हड़ताल शुरू कर दी है। इइमरजेंसी सेवाएं भी बंद रहेंगी। मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन चलता रहेगा। जूडा हड़ताल से ओपीडी, वार्ड और इमरजेंसी में सेवाएं प्रभावित होंगी। ऑपरेशन टालने की नौबत भी आ सकती है। जूडा की हड़ताल से मरीजों की दिक?कतें बढ़ना तय है।

मछुआरों को अब 50 हजार रुपये मिलेगी आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति भी दस हजार रुपये बढ़ाई

भोपाल। प्रदेश में मछुआरों को गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए सरकार अब पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता देगी। अभी तक यह राशि 40 हजार रुपये थी। वहीं, तकनीकी शिक्षा छात्रवृत्ति योजना की राशि भी 20 से बढ़ाकर 30 हजार कर दी गई है। मछुआ समिति के सदस्य की मृत्यु होने पर स्वजन को आर्थिक सहायता साढ़े सात हजार रुपये की जगह दस हजार रुपये दी जाएगी। यह घोषणा मछुआ कल्याण और मत्स्य विकास मंत्री तुलसीराम सिलावट ने मत्स्य महासंघ की वार्षिक साधारण सभा में मंगलवार को की। साधारण सभा को संबोधित करते हुए सिलावट ने कहा कि सरकार का उद्देश्य अंतिम छोर तक के व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। मछुआ समाज मुख्य रूप से मत्स्य पालन का काम करते हैं। इनकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए कई कदम उठाए गए हैं। इसके तहत विभिन्न् सहायता राशि में वृद्धि की गई है। सभा में मेजर कॉर्प और अन्य प्रजाति की मछली पकड़ने पर 32 रूपए किलोग्राम के स्थान पर अब 34 रुपए किलोग्राम और अन्य छोटी मछलियों को पकड़ने पर 19 रूपये प्रति किलोग्राम की जगह 20 रूपये प्रति किलोग्राम की दर निर्धारित की गई। इसके साथ ही मछुआ समिति की मांग पर सभी मछुआरों को लाइफ जैकेट उपलब्ध कराने के निर्देश भी उन्होंने अधिकारियों को दिए। संचालक मत्स्य विकास और महासंघ के प्रबंध संचालक को दिसंबर तक सभी मछुआरों के क्रेडिट कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया, ताकि इन्हें बैंकों की शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिल जाए। बैठक में महासंघ द्वारा प्रस्तुत 56 करोड़ रुपये की आय और 36 करोड़ रुपये के व्यय का बजट पारित किया गया।

खेलमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा, जो अकादमी नतीजे नहीं देगी उसे बंद किया जाएगा

भोपाल। प्रदेश की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने कहा है कि हमारे खिलाड़ी न सिर्फ राष्ट्रीय, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल हुए हैं। अगर किसी भी खेल अकादमी से हमें राष्ट्रीय या अंतरराष्?ट्रीय स्तर के खिलाड़ी नहीं मिल रहे हैं तो ऐसी अकादमी का औचित्य नहीं है। ऐसी अकादमी को बंद किया जाएगा।खेल मंत्री सिंधिया मंगलवार को टीटी नगर स्टेडियम में हॉकी अकादमी की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने ग्वालियर स्थित हॉकी अकादमी की समीक्षा में कहा कि प्रदेश के सभी अकादमी में रहने वाले खिलाड़ियों की डिजिटलाइज्ड मेडिकल फाइल बनाई जाएगी। हर अकादमी के प्रत्येक खिलाड़ी का ब्लड टेस्ट किया जायेगा। उनकी फाइल बनाई जायेगी, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी की पर्सनल प्रोफाइल जैसे ब्लड ग्रुप, ब्लड टेस्ट की रिपोर्टस, कितने बच्चे कोरोना पॉजिटिव हुए हैं उनकी इंजुरी आदि का रिकॉर्ड मेंटेन किया जायेगा।सिंधिया ने ग्वालियर महिला हॉकी अकादमी के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने पॉवर प्वाइंट प्रेजेन्टेशन के माध्यम से अकादमी में चल रहे निर्माण कार्यों पर विस्तृत चर्चा की। इस अवसर पर उनके साथ प्रमुख सचिव खेल एवं युवा कल्याण गुलशन बामरा, नवागत खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता और हॉकी प्रशिक्षक परमजीत सिंह भी उपस्थित थे।मप्र में कई खेलों की अकादमी संचालित हो रही हैं मप्र खेल एवं युवा कल?याण विभाग के द्वारा प्रदेश में 18 खेलों की अकादमी संचालित हो रही है। इसमें प्रदेश और देश के खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। टोक्यो ओलिंपिक में मप्र हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विवेक सागर और नीलाकांत शर्मा कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे थे। राज्य सरकार ने दोनो को एक एक करोड़ रुपए देने की घोषणा की थी, इसमें से विवेक सागर को तो सम्मान समारोह में सम्मानित भी किया जा चुका है और साथ में डीएसपी भी बना गया है।

गांधीनगर में अब्बास नगर लिंक रोड पर नगर निगम ने हटाया अतिक्रमण

भोपाल। जिला एवं नगर निगम प्रशासन ने गांधीनगर के पास अब्बासनगर में निर्माणाधीन लिंक रोड में बाधक अतिक्रमण हटाए। आसाराम चौराहा से अब्बास नगर तक लोक निर्माण विभाग सड़क बना रहा है। इसकी चौड़ाई 12 मीटर है। यहां पर मार्ग निर्माण में कई अतिक्रमण बाधक बने हुए थे। प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में इन्हें सख्ती से हटा दिया। रहवासियों ने इसका विरोध किया, लेकिन प्रशासन ने किसी की नहीं सुनी। अतिक्रमण का मामला हाल ही में प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में हुई जिला योजना समिति की बैठक में आया था। बैठक में अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बैठक में लिए गए निर्णय के बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन की मदद से अतिक्रमण हटा दिए गए। बड़ी संख्या में शेड एवं कच्चे निर्माण हटाए गए हैं। लिंक रोड का निर्माण आधुनिक तरीके से किया जा रहा है। दोनों तरफ से 6-6 मीटर की सड़क बनाई जाएगी। बाद में सीमेंट-कांक्रीटकरण किया जाएगा। इस मार्ग पर सड़क निर्माण की लंबे समय से करने की मांग की जा रही थी। राजधानी परियोजना प्रशासन ने तीन साल पहले इसकी योजना बनाई थी, लेकिन काम टलता रहा। अब काम शुरू हुआ है। अतिक्रमण हटने के बाद सड़क को समतल किया जा रहा है। जल्द ही बचे हुए हिस्से पर काम पूरा किया जाएगा। सड़क बनने के बाद इसे झूलेलाल मार्केट से जोड़ा जाएगा। बाजार से जुड़ने से इस सड़क पर आवाजाही आसान हो जाएगी।

भारी बारिश की संभावना

भोपाल। मौसम विभाग के भोपाल केंद्र द्वारा मध्य प्रदेश के 13 जिलों में भारी बारिश की आशंका जताई गई है। इसमें देवास, शाजापुर, उज्जैन, रतलाम, झाबुआ, आलीराजपुर, बड़वानी, धार, खरगोन, बैतूल, सिवनी, छिंदवाड़ा और नरसिंहपुर जिले शामिल हैं। वहीं भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, होशंगाबाद और उज्जैन संभाग के जिलों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इंदौर शहर और आस-पास के इलाकों में बुधवार सुबह तेज बारिश हुई। इंदौर के रीगल इलाके में 21.7 मिलीमीटर और एरोड्रम क्षेत्र में 42.2 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई। भारी बारिश से सड़कों पर पानी भर गया था। पश्चिमी मध्यप्रदेश में के एक बार फिर मानसून सक्रिय हो गया है, जबकि पूर्व क्षेत्र में सामान्य बारिश हो रही है। इंदौर, होशंगाबाद, जबलपुर और शहडोल संभाग के जिलों में ज्यादातर स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई है। रीवा संभाग के जिलों में भी बारिश जारी है। उज्जैन, भोपाल और सागर संभाग के जिलों में कुछ स्थानों पर और ग्वालियर-चंबल संभाग में भी कुछ जगह बारिश हुई है। मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटों में सबसे ज्यादा बारिश मनावर में 11 सेमी दर्ज की गई, वहीं डही में 9, अंजड, खकनार, चाचरीयापाटी में 8, बडवानी, सिवनी, निवाली में 7, पाटी, कुसमी, नेपानगर, चौरई में 6, सेंधवा, सोंडवा, गंधवानी, वेंकटनगर में 5, बिछुआ, तिरोडी, बुरहानपुर, इंदौर, राजपुर, धरमपुरी टप्पा, अलीराजपुर, पानसेमल, वरला में 4 सेमी बारिश दर्ज की गई है।

मध्य प्रदेश के ऊपर चार वेदर सिस्टम बताए जा रहे सक्रिय

मध्य प्रदेश के ऊपर अभी चार वेदर सिस्टम सक्रिय बताए जा रहे हैं। गहरा कम दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम मध्य प्रदेश और विदर्भ के इलाके में बना है। मानसून ट्रफ राजस्थान के इलाके से इंदौर होकर विदर्भ पर बने गहरे कम दबाव के क्षेत्र से बंगाल की खाड़ी तक है। विदर्भ के इलाके पर पूर्वी-पश्चिमी हवाओं का टकराव हो रहा है। इसके अलावा एक और सिस्टम पंजाब और उसके आसपास ऊपरी इलाके में चक्रवात बना है। इन चारों सिस्टम से मध्य प्रदेश में एक बार फिर अच्छी बारिश की उम्मीद है।

भोपाल से बिलासपुर के बीच 17 सितंबर से आसान हो जाएगा सफर, चलेगी बंद हो चुकी ट्रेन

भोपाल । राजधानी भोपाल से बिलासपुर का सफर 17 सितंबर से आसान हो जाएगा। इस दिन से भोपाल-बिलासपुर-भोपाल स्पेशल एक्सप्रेस चालू हो जाएगी। यह ट्रेन बिलासपुर स्टेशन से 17 सितंबरसे और भोपाल स्टेशन से 19 सितंबर से चलेगी।

इस ट्रेन की क्षमता औसतन 1200 से अधिक यात्रियों की है। इसके चलने से दोनों शहरों के बीच सफर आसान हो जाएगा। अभी यात्री ट्रेनों के जरिए टुकड़े में यात्रा करते हैं या फिर बहुत से यात्री बसों के जरिए सफर कर रहे हैं। रेलवे ने इस ट्रेन को कोरोना की दूसरी लहर के समय बंद किया था।

रोज चलेगी ट्रेन

दोनों स्टेशनों के बीच यह ट्रेन प्रतिदिन चलेगी। भोपाल से यह ट्रेन प्रतिदिन सुबह आठ बजे चलती है जो विदिशा, बीना, खुरई, सागर, मकरोनिया, दमोह, कटनी मुडवारा, उमरिया, शहडोल, अनूपुपूर जंक्शन, बिलासपुर होते हुए चिरमिरी स्टेशन पहुंचती है। यह ट्रेन कुल 78 स्टेशनों पर ठहरती है।

यात्री इन बातों का रखें ध्यान

- निर्धारित यात्रा का टिकट लेना अनिवार्य होगा। बेटिकट या निर्धारित यात्रा का टिकट नहीं होने पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। कई गुना अधिक जुर्माना देना पड़ता है। जुर्माना नहीं देने पर रेलवे द्वारा कार्रवाई की जाती है। ट्रेन में सफर करते समय मास्क का उपयोग करना होगा। बीमार होने, बुखार आने की स्थिति में सफर से बचना होगा। स्टेशन से ट्रेन के रवाना होने से कम से कम आधे घंटे पहले पहुंचना होगा। ट्रेन में टिकट मांगने पर रेलकर्मियों को निर्धारित यात्रा का टिकट दिखाना अनिवार्य होगा।

यहां से ले मदद

ट्रेन में सफाई नहीं होने, पानी खत्म होने या अन्य यात्रियों द्वारा बिना मास्क के सफर करने की स्थिति में संबंधित यात्री रेलवे के ट्विटर हैंडल पर शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत दर्ज कराते समय ट्रेन नंबर, पीएनआर नंबर व मोबाइल नंबर देना होगा।

गुंडागर्दी पर उतरे जनपद सीईओ

पाटन। पाटन के ग्राम अमरपुर में लगभग चालीस वर्षों से जबलपुर दुग्ध सहकारी संस्था की शाखा का संचालन किया जा रहा है जिसमें ग्राम आसपास के दूध की खरीदी की जाती है लगातार मिल रही शिकायत पर निरीक्षण करने पाटन जनपद सी ई ओ अश्वनी पाठक पहुचे और सही ढंग से काम न करने का हवाला दे कर शाखा का सारा सामान और मशीन आदि बाहर फिकवा दी यह है मामला संस्था के दूध खरीदी और साफ सफाई के लिए एक दैनिक कर्मचारी को पदस्त किया गया जो कि अपना दैनिक कार्य कर रहा था तभी अधिकारी अश्वनी पाठक पहुचे और कहा कि तुम्हारी शिकायत मिली है और बिना किसी नोटिस और सूचना के सहकारी संस्था का सामान बाहर फिकवा दिया।

मामले की जानकारी लगते ही सोसायटी के ग्राम सचिव चंनु गोड पहुचे और कहा कि अगर कर्मचारी द्वारा गलती की गई है तो संस्था के अन्य सदस्यों को बुला कर कर्मचारी को हटा देते है पर अधिकारी सुनने को तैयार नही है उन का कहना है कि अब ये संस्था यहाँ संचालित नही की जाएगी और अपनी गा डी मैं बैठ कर चलते बने।

> दुग्ध संस्था के मामले की जानकारी मिली है संबंधित अधिकारी के जानकारी ले कर उचित कार्यवाही की जाएगी
>
> **प्रमोद चतुर्वेदी तहसीलदार पाटन**

> वर्षो से संचालित एक शासकीय संस्था के प्रति अधिकारियों रबैया ठीक नही है जिसकी शिकायत संस्था के अधिकारियों तक पहुँचाई गयी है
>
> **सुरेश पटेल अध्यक्ष**
> **सहकारी दुग्ध समिति अमरपुर**

किसानों की समस्याओं को लेकर पदयात्रा प्रारंभ

अनूपपुर । किसानों की समस्याओं को लेकर क्षेत्र की किसान भाइयों के तत्वाधान में आज पदयात्रा प्रारंभ हुई देव्हारा स्थित ठाकुर बाबा धाम से किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष डॉ राज तिवारी के नेतृत्व में पूजन अर्चन किया गया एवं नारियल फोड़कर पदयात्रा प्रारंभ की गई पदयात्रा देव्हारा संजय नगर अमलाई बसंतपुर दफाई शनिचरी बाजार अमलाई बापु चौक बरगवां चचाई से होते हुए परस वार होते हुए अनूपपुर पहुंची बताया गया है कि उक्त पदयात्रा देव्हारा से प्रारंभ किया जाएगा अमलाई बरगवां चचाई परसवार होते हुए अनूपपुर पहुंची द्य किसान कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष राज तिवारी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार किसानों के हित की अनदेखी कर रही है प्रदेश में बढ़ती महंगाई को लेकर डीजल पेट्रोल की रोज बढ़ती कीमत को लेकर किसान व आम जनता की कमर टूट गई है प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार के खिलाफ आम जनता रोष की लहर देखी जा रही है किसान कांग्रेस सरकार की नीतियों का जमकर विरोध करती है और मूलभूत आवश्यकताएं किसानों की समस्याओं को लेकर यह पदयात्रा निकाली गई हैद्य उन्होंने कहा कि स्थानीय औद्योगिक इकाइयों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किया जाए साथ ही मूलभूत आवश्यकताओं जैसे पानी बिजली स्वास्थ्य सुविधा सभी ग्रामीण अंचलों में मुहैया कराई जाए।

जगह-जगह हुआ स्वागत

पदयात्रा में शामिल नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का जगह जगह ग्रामीण जनता एवं किसानों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया और कहा कि किसानों सहित आम जनता के हित में यह न्याय यात्रा निकाली जा रही है जो कि न्याय उचित है।

न्याय पद यात्रा में प्रमुख रूप से डॉक्टर राज तिवारी ,विधानसभा प्रत्याशी विश्वनाथ सिंह, मोतीलाल शर्मा, राजेंद्र तिवारी, मयंक सिंह सिंगर, जेपी शर्मा ,अवध शरण गौतम, सैफ रिजवी ,रविंद्र गौतम पूर्व जनपद सदस्य रोहित कुमार प्रिंस सिंह सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

जैव विविधता प्रबंधन समिति की बैठक संपन्न

सिहोरा । गत दिवस नगर पालिका सभागार कक्ष में जैव विविधता प्रबंधन समिति की प्रथम बैठक सिहोरा अनुविभागीय अधिकारी आशीष पांडे की अध्यक्षता एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जयश्री चौहान की उपस्थिति में आयोजित की गई। बैठक में डॉक्टर बकुल लाड सहायक सदस्य सचिव एवं डॉ गौरव सिह तकनीकी विशेषज्ञ राज्य जैव विविधता बोर्ड भोपाल की ऑनलाइन उपस्थिति उल्लेखनीय रही लोक जैव विविधता पन्जी निर्माण के डॉक्टर राजभान साहू तथा डॉक्टर भवानी सिंह ने बैठक एजेंडो पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक उपत्रों की जानकारी एवं क्षेत्र में विलुप्त हो रही प्रजाति तथा लव आंसुओं की सहभागिता की जानकारी प्रदान की जीव उत्पाद की बेहतर प्रबंधन एवं व्यवहारिक तथा क्षेत्र के विस्तृत विकास में इसकी सहभागिता तथा लाभ की जानकारी भी प्रदान की गई बैठक में नमन श्रीवास्तव ,देवेंद्र व्यास ,आर पी शुक्ला उपयंत्री, राकेश गुप्ता ,अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रुतकीर्ति सोंमवशी, उप वन मंडल अधिकारी मुकेश पटैल,वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, मत्स्य अधिकारी, विकास खंड चिकित्सा अधिकारी डा राधवेन्द्र त्रिपाठी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अशोक उपाध्याय ,उद्यानिकी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

शराब दुकान के आसपास सड़क पर बैठकर हो रही दारुखोरी

जगह-जगह लगे अंडा चना के ठेले, वहनों की अवैध पार्किंग से लोगों हो रहे परेशान

बघराजी। नगर के मुख्य मार्गों पर दारु खोरी फिर जोर पकड़ रही है दारु पीने वाले शराब दुकान के बाहर ही सड़क पर वाहन पार्क कर जाम छलका रहे हैं जिन्हें रोकने वाला कोई नहीं है शराब दुकान के करीब 50 से 70 मीटर के दायरे में वाहनों की भीड़ से राहगीरों का निकलना मुश्किल हो रहा है।

पुलिस वाहन की आवाज सुनकर बेवड़े चंद मिनट के लिए दाएं बाएं हो जाते हैं फिर मौके पर तत्काल महफिल सज जाती है बाइक की सीट को टेबल बनाकर बिगड़े दोस्तों के साथ इतनी पी लेते हैं कि फिर उन्हें होश नहीं रहता है की आस पास से महिलाएं लड़कियां और बच्चे गुजर रहे हैं मदहोश होते ही नशेड़ी अपने आपको नगर का बाहुबली समझने लगते हैं।

महिलाओं-छात्राओं का निकलना दूभर

देर शाम शराब दुकान के पास से कोचिंग से घर लौटने वाली छात्राओं एवं घूमने जाने वाली माताएं बहनें वापस घर लौट रही युवतियों को देख शराबी उन पर छींटाकशी करने से भी नहीं चूकते हैं, छात्राएं शराब दुकान के आसपास से बचकर निकलती हैं शराब के नशे में धुत मनचलों की शिकायत कोई इसलिए नहीं करता कि शिकायत के बाद होता भी कुछ नहीं है।

इधर शराबियों की भरमार

त्रिपुरी चौक, बस स्टैंड, इंदिरा आवास कॉलोनी, पंप हाउस, कमानिया गेट, महानीमन स्टेडियम के मैदान में बैठकर शराब पीने वाले किसी की परवाह भी नहीं करते।

इनके खिलाफ भी हो संयुक्त कार्यवाही

सड़क पर हो रही शराब खोरी को पूर्णता बंद कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने अभी कोई प्लान नहीं बनाया शराब दुकान के आसपास शाम को एकाएक हिली लगने से जाम लोगों का निकलना मुश्किल हो रहा है लेकिन स्थानीय प्रशासन कभी कार्यवाही नहीं करती।

लोगों की जिंदगी में एसईसीएल घोल रहा जहर

शहडोल। शहडोल जिले में स्थापित साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की खदानों से निकलता कोयला पूरे देश में ऊर्जा प्रदान करने के काम में आता हैद्य ऐसे में देश के विकास के लिए अहम योगदान देने वाली कोल इंडिया की अग्रणी कंपनी एस ई सी एल का दायित्व यहां के लोगों के विकास के लिए बढ़ जाता है परंतु एसईसीएल के अधिकारी नियमों को ताक पर रखकर यहां के लोगों की जान के साथ खिलवाड़ करने में लगे हैं वायु प्रदूषण के साथ अब एचपीसीएल प्रबंधन के अधिकारियों ने खदान से निकलने वाले कालापानी को सीधे ग्रामीण क्षेत्र के नदी नालों में उतार दिया है गौरतलब है कि दामिनी खैरा राजेंद्र कालरी बंगवा कालरी का खदान का पानी अब ग्रामीण अंचल क्षेत्र के नदी नालों में छोड़ा जा रहा है जिससे लोगों की सेहत पर गंभीर असर होने की संभावना जताई जा रही है प्रतिदिन हजारों लीटर पानी मोटर पंप के सहारे आस-पास के गांव में छोड़ दिया जाता है खदानों से निकलते कोयला युक्त काले पानी में कई प्रकार के रसायनों के कारण कई प्रकार की बीमारियां होती हैं दूषित पानी के सेवन से गैस कब्ज पीलिया अपच लीवर में सूजन की समस्या शुरू हो जाती है क्रोमियम आर सैनिक गुर्दा हृदय लीवर कैंसर की वजह बन सकता है यहां तक कि हार्ट अटैक हो सकता है पानी में फ्लोराइड की अधिकता से दांत जोड़ कमजोर होते हैं सोहागपुर क्षेत्र में दूषित पानी की वजह से कई लोग इससे प्रभावित भी हैंद्य एसईसीएल द्वारा लापरवाह रवैया अपनाए जाने को लेकर स्थानीय लोगों ने चिंता व्यक्त की हैद्य स्थानीय लोगों की माने तो यह एसईसीएल प्रबंधन की तानाशाही है जिसके विरुद्ध जनप्रतिनिधि भी नहीं आ रहे हैं काली खदानों के आसपास बसे ग्रामीण क्षेत् के लोग यही दूषित पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं लोगों की माने तो प्रबंधन लोगों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहा है खदान का पानी जिन स्त्रोतों से होकर क्षेत्र में जा रहा है वहां घनी आबादी रहती है जो इसी पानी को पीने के लिए मजबूर हैं ।

> वायु प्रदूषण के बाद अब खदानों से निकलता पानी भी बना मुसीबत

छीताखुदरी पुनर्वास कालोनी निर्माण का भूमिपूजन

कुंडम। जिला जबलपुर अंतर्गत तहसील कुंडम के स्थित छीताखुदरी पुनर्वास कॉलोनी निर्माण का भूमिपूजन किया गया कुंडम से 15 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बिलटुकरी मै छीताखुदरी बांध महानदी में बनाया जा रहा है जिस में डूब क्षेत्र में आने वाले लोगों को मध्य प्रदेश सरकार द्वारा पुनर्वास कॉलोनी का निर्माण प्रस्तावित कार्य का भूमि पूजन किया गया जिसकी लागत 666,73 लाख है 21 कार्यों के लिए ग्राम पंचायत भवन, आंगनवाड़ी भवन, प्राथमिक शाला भवन,समुदायिक भवन, मुक्तिधाम,रंगमंच,खेल मैदान, बस स्टॉप,सीसी रोड, सीसी नाली,राशन दुकान, हाट बाजार, मंदिर प्रवेशद्वार, निरीक्षण भवन, वाटर स्टोरेज टैंक, निस्तारित तालाब, पहुंच मार्ग,कॉलोनी से ग्राम बिलटुकरी तक पहुंच मार्ग, पुनर्वास कॉलोनी से ग्राम कुडेहरदौली महानदी में आरसीसी पुल रोड एवं स्ट्रक्चर कार्य यह सारे काम शासन द्वारा करा कर लोगों को दिया जाएगा साथ ही उनके मकान बनाकर दिया जाएगा इन सब का भूमि पूजन विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीमती नंदनी मरावी, कमलेश साहू, सतीश अवस्थी, नन्हे लाल धुर्वे,राजेश साहू, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग संकल्प श्रीवास्तव एसडीएम जेपी यादव तहसीलदार प्रदीप कौरव एसडीओ एनपी मेहरा रंजीत लोधी एसडीओ मैसर्स भगवत प्रसाद शर्मा,अभिनव शर्मा एवं समस्त ग्राम पंचायत के लोग अधिकारी कर्मचारी कि उपस्थिति मैं भूमि पूजन किया गया।

गेहूं से भरी बोरियों के बीच बैठा था कोबरा सांप

बेलखाडू । मंगलवार को बेलखाडू में बल्लन जेन के यहां गोदाम में गेहूं से भरी बोरियों के बीच बैठा था काला कोबरा सांप जैसे ही बल्लन जैन के कर्मचारियों ने काम करते समय सांप को देखा तो दंग रह गए आनन-फानन में सर्प पकडने के लिए सर्पमित्र महेंद्र सींग को बुलाया गया। उन्होंने अपने हुनर से सांप को पकड लिया। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

नही मिल रहा नहर का पानी फसल सूखने की कगार पर

सिहोरा । जिम्मेदारों की अनदेखी से बिगड़ रही हर खेत मे पानी पहुँचाने की व्यवस्था खेती को लाभ का धंधा बनाने के नाम पर सरकार द्वारा सिंचित रवि को बढ़ाने अनेक जतन किए जा रहे हैं ताकि भरपूर पैदावार हो किसानों को अच्छी फसल मिले लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के कारण किसानों को सिंचाई योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा मौसम की बेरुखी के चलते धान की फसल को सिंचाई की आवश्यकता होने पर नहरों में पानी तो छोड़ा जा रहा है किंतु निचले क्षेत्र के खेत में आज तक पानी नहीं पहुंच सका है। खम्हरिया के किसान कृष्ण कुमार ने बताया कि खम्हरिया माईनर मे महिनो बीतने के बाद भी नीचे पड़ने वाले खेतों मे पानी नही आ रहा है जिससे फसले मुरझा रही है ऊपर पड़ने वाले गाँव के लोग मनमाने तरीके से केवल अपने खेतों मे पानी भर रहे है

झाडियों मे गुम हो गई नहर

किसानों ने बताया कि यहाँ की नहर के हिस्से की सफाई नही की गई जिससे नहरो को खेतों के बीच खोजना पड़ता है शासन से प्रतिवर्ष नहरों की साफ सफाई के लिये राशि दी जाती है मगर कुछ जगहों पर सफाई करके बाकी हिस्से पर ध्यान नही दिया जाता दूसरी ओर संबंधित अधिकारियों को इतनी फुरसत नही है कि वो ये देख सकें कि नहरे सही तरीके से चल रही है या नही किसानों ने उच्चाधिकारियों से नहरों का पानी जीरों पांईट तक भेजे जाने की माँग की है।

आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने अनुग्रह राशि का चेक प्रदान किया

कुन्डम.आजाद अध्यापक शिक्षक संघ म. प्र.के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री भरत पटेल जी के निर्देश पर कोरोना काल में दिवंगत संघ के आजीवन सदस्यों को 20000/हजार रुपए की अनुग्रह राशि उनके परिजनों को प्रदान की जा रही है! इसी तारतम्य में आज कुन्डम विकास खंड के आजाद अध्यापक शिक्षक संघ के आजीवन सदस्य रहें स्व. सदाशिवराज कोकडे की पत्नि श्रीमती सत्यवती परसते को ब्लाक कार्यकारिणी कुन्डम द्वारा श्री जी. आर. झारिया (बी. आर. सी.)की अध्यक्षता में संघ के पदाधिकारि विवेक तिवारी(ब्लाक अध्यक्ष) नारायण साहू(संभागीय उपा.), जयशंकर नागवंशी(जिला उपा.), मिथलेशपुरी गोस्वामी(प्रा.पदा.) लाल सिंह सूर्याम, अजय दुबे, रामकिशोर वरकडें, गुड्डू लाल झारिया,सुंदर सिंह परस्ते, रामकुमार कछवाहा, हुकुम सिंह वरकडें आदि की उपस्थिति में 20000/रुपए का चेक प्रदान किया गया! साथ ही मोहनी जनशिक्षा केंद्र कुन्डम के साथियों द्वारा भी अलग से 4000/रुपए की राशि का चेक परिजनों को प्रदान किया गया।

आजाद अध्यापक शिक्षक स

लचर सफाई को लेकर कांग्रेंस ने किया नपा का घेराव

सिहोरा । ब्लाक कांग्रेंस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण पाठक के नेत्रत्व में नगर की विभिन्न समस्याओं को लेकर अनेक कांग्रेंस जनो ने आज नगर पालिका का घेराव कर नपा प्रशासक एसडीएम को ज्ञापन सौपा । जिसमें कहा गया है की नगर पालिका क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है जिसके चलते नगर में डेगूं मलेरिया जैसी घातक बीमारियां पैर पसार रही है वर्तमान में जहाँ डेंगू से मौत के मामले सामने आ रहे है तो वंही डेंगू के अनेक मरीज जबलपुर के अस्पतालों में इलाज करा रहे । इसी तरह नगर में मुख्य मार्गो पर आवारा पशुओं का सडक पर जमावडा लगा रहता है और नगर पालिका की हाका टीम नदारत रहती है पशुओं के कारण सडक हादसो का भी खतरा बना रहता है । पुराने बस स्टेंड में स्टील की ग्रिल लगाने से अतिक्रमण को बढावा मिला है जिससे दुर्घटनाओ की संभावना बढ गई है । कांग्रेंस को ज्ञापन में सभी समस्याओं का तीन दिन मे निराकरण नही करने पर जन आंदोलन की बात कही है । इस अवसर पर प्रदेश सचिव बाबा कुरैशी ,राजेश चौबे ,राहुल पांडे,एम मंसूर,गौसभाई आजाद, ममता गोटिया, शंकर वंशकार, अमित नामदेव, शेख शाबिर सहित अनेक कांग्रेंस जन उपस्थित रहे।

लोक अदालत में बिजली की अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते का अवसर

जबलपुर । मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के क्षेत्रांतर्गत शनिवार 11 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है । लोक अदालत में बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में उपभोक्ताओं को समझौता करने का अवसर प्रदान किया जायेगा । लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत विशेष न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों में लिटिगेशन प्रक्रिया के माध्यम से तथा कार्यालयों में लंबित प्रकरणों में प्रीलिटिगेशन प्रक्रिया के तहत समझौता किया जा सकता है । इसके अलावा धारा 126 के तहत दर्ज प्रकरणों में भी प्रीलिटिगेशन प्रक्रिया के तहत लोक अदालत में समझौता किया जा सकेगा । कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक (प्रवर्तन) श्री अरविंद चौबे ने बताया कि लोक अदालत में निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू उपभोक्ता, कृषि उपभोक्ता, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू उपभोक्ता तथा 10 एचपी भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को नियमानुसार छूट की पात्रता होगी । न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों में समझौता करने पर सिविल दायित्व की राशि में 20 प्रतिशत एवं ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी । ऐसे प्रकरण जो न्यायालयों में दर्ज नही हो सके हैं तथा वर्तमान में कार्यालयों में लंबित हैं, में भी लोक अदालत में समझौता करने पर सिविल दायित्व राशि में 30 प्रतिशत एवं ब्याज राशि में 100 प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी ।

> सिविल दायित्व राशि में बीस एवं तीस प्रतिशत तथा ब्याज राशि में सौ प्रतिशत छूट का प्रावधान.

महिला सशक्तिकरण एसोसिएशन ने बंदर हीरा परियोजना को यथा शीघ्र शुरू करने की गुहार की

एजेंसी। बुंदेलखंड क्षेत्र में महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण में कार्य कर रहे होलिस्टिक डेवलपमेंट वुमन एम्पावरमेंट एसोसिएशन (॥DWEA) मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर बंदर हीरा परियोजना को यथा शीघ्र शुरू करने की गुहार की है।

महिला सशक्तिकरण एसोसिएशन का कहना है कि इस परियोजना के प्रारम्भ होने पर बुंदेलखंड का विकास होगा, एवं परियोजना से सम्बद्ध छोटी-छोटी उद्योग यूनिट क्षेत्र में होने से हमारे जैसे स्थानीय निवासियों को रोजगार प्राप्त होगा। एसोसिएशन ने कहा है कि हमारा संगठन, जो इस परियोजना के कार्यक्षेत्र में कार्यरत है, एवं इसमें शामिल 22,892 महिलाएं परियोजना के समर्थन में मध्य प्रदेश सरकार के साथ है एवं कंधे से कंधा मिलकर कार्य करेगी । होलिस्टिक डेवलपमेंट वुमन एम्पावरमेंट एसोसिएशन (WDS) महिला स्व-सहायता समूह (SHG) एवं उनके त्रिस्तरीय संघों से बना एक शीर्ष पंजीकृत संगठन है। WDS में 6 महिला संघ तथा 1,765 समूह, एवं इन समूहों में 22,892 महिलाएं, शामिल हैं।

मुख्यमंत्री के साथ-साथ इन्होने भारत के मुख्य न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं हत्नज्ञ से भी इस पत्र के माध्यम से इस विकास परियोजना का समर्थन करते हुए अनुरोध किया है कि बंदर परियोजना चालू हो जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकेंगे। पत्र के माध्यम से एसोसिएशन ने बताया कि बुंदेलखंड एक पिछड़ा क्षेत्र है जहाँ कृषि गतिविधियां वर्षा आधारित है, और क्षेत्र औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत पिछडा क्षेत्र है इसलिए रोजगार के अवसर नगण्य हैं। क्षेत्र से पलायन एक मजबूरी है जिससे युवा, महिला, खेतिहर मजदूर बुरी तरह प्रभावित हैं। एसोसिएशन का मानना है कि इन परिस्थितिओं में मध्य प्रदेश शासन द्वारा एस्सेल कंपनी के माध्यम से बक्सवाहा स्थित हीरा खनन परियोजना प्रारंभ करना एवं इस परियोजना से क्षेत्र में प्रत्यक्ष /अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करना अत्यंत सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।

अमेजन पे यूपीआई का इस्तेमाल करने वाले ग्राहकों की संख्या हुई 5 करोड़

एजेंसी। अमेजन पे ने घोषणा कर बताया कि अमेजन पे यूपीआई का उपयोग करने वाले उपभोक्तासओं की संख्याब 5 करोड़ हो गई है। इस उपलब्धि का जश्न2 मनाने के लिएए अमेजन पे उन सभी उपभोक्ता ओं को जो खरीदारीए बिल भुगतानए ऑनललाइन मर्चेंट्स को भुगतान करने और अपने कॉन्टै क्ट्सल को पैसे भेजने के लिए अमेजन यूपीआई का इस्तेओमाल करते हैंए सितंबर के पूरे महीने में दैनिक पुरस्काार की पेशकश कर रहा है।

इस उपलब्धि पर बोलते हुएए महेंद्र नेरुरकरए सीईओ और वीपी अमेजन पे ने कहाए श्हमारा उद्देश्यी किसी भी चीज के लिए किए जाने वाले भुगतान को भरोसेमंदए सुविधाजनक और फायदेमंद बनाना है। यूपीआई के लिए तेज स्वीओकार्यता से हम उत्सायहित हैंए जो अब उपभोक्तोओं को अपने अमेजन एप के साथ खरीदारी करने के अलावा अन्य बहुत कुछ करने में सक्षम बनाता है। हम यूपीआई के माध्यम से अपने लाखों ग्राहकों और व्याखपारियों की सेवा करने के लिए अभिभूत हैं और भारत को कम नकदी वाली अर्थव्येवस्थाह बनाने के सरकार के लक्ष्यअ को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

उपभोक्ता किसी भी यूपीआई क्यू आर कोड को आसानी से स्कै न कर 2 करोड़ स्था नीय दुकानों पर भुगतान करने के लिए अमेजन एप का इस्तेमाल कर रहे हैं। पिछले एक साल मेंए अमेजन यूपीआई का इस्तेभमाल करने वाले हमारे 75 प्रतिशत से अधिक ग्राहक टियर 2 और 3 शहरों से हैंए जो यूपीआई की बढ़ती पहुंच को दर्शाता है। स्थापनीय दुकानों के अलावाए उपभोक्तां अपने फोनए डीटीएच को रिचार्ज करनेए कॉन्टैसक्ट्सर को पैसे भेजनेए घरेलू मददगार को वेतन का भुगतान करनेए ।ङ्गवदण्पदपर खरीदारी के लिए भुगतान करने और बहुत कुछ के लिए अमेजन एप के भीतर अमेजन पे का उपयोग कर सकते हैं। उपभोक्तान अपने अमेजन एप को आसानी से खोलकरए उसमें अमेजन पे पर जाकर और कुछ ही सेकेंड में अपने यूपीआई एकाउंट को सेट करने के जरिये अमेजन पे का उपयोग करना शुरू कर सकते हैं। वे यूपीआई और अमेजन पे की 24ग्7 सुविधा और सुरक्षा के साथ भुगतान कर सकते हैं और दैनिक पुरस्कागर का रोमांच उठा सकते हैं।

पांड्या का दावा- मुझे लगता है कि मैं किसी भी परिस्थिति में बल्लेबाजी कर सकता हूं

ञ्ज20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए चुनी जाने वाली टीम में आलराउंडर के तौर पर क्रुणाल पांड्या का नाम भी हो सकता है। इससे पहले उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा है कि वे वन डाइमेंशनल प्लेयर नहीं बनना चाहते हैं वे आखिरी ओवर में भी गेंदबाजी कर सकते हैं।

नई दिल्ली । ड्डष्ट ञ्ज20 ड्ड2श्रद्य स्र ष्ह्वश्च 2021 के लिए आज भारतीय टीम का एलान हो सकता है। इससे पहले कयास लगाए जा रहे हैं कि कौन-कौन सा खिलाड़ी टी20 विश्व कप के लिए फाइनल फिफ्टीन में शामिल हो सकता है। ऐसा ही एक खिलाड़ी है, जिसको लेकर कुछ दिग्गजों का कहना है कि उसे टीम में जगह मिल सकती है, जबकि कुछ क्रिकेट पंडित उनको टीम में शामिल नहीं कर रहे हैं। ये खिलाड़ी कोई और नहीं, बल्कि क्रुणाल पांड्या है, जिन्होंने खुद को लेकर एक बड़ा दावा किया है।टी20 विश्व कप के लिए टीम चुने जाने से पहले आलराउंडर क्रुणाल पांड्या ने क्रिकइंफो को दिए गए इंटरव्यू में कहा है कि वे एक प्रोपर आलराउंडर हैं, जो कि पूरी तरह से बल्लेबाजी भी कर सकते हैं और गेंदबाजी भी। उनका मानना है कि वे वन डाइमेंशनल प्लेयर नहीं बनना चाहते। इसलिए अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी स्किल्स पर काम करते हैं। क्रुणाल पांड्या को आखिरी बार श्रीलंका दौरे पर टीम इंडिया का हिस्सा बनते देखा गया था, जहां वे दूसरे टी20 मैच से पहले कोरोना संक्रमित पाए गए थे। अब वे आइपीएल में नजर आएंगे।

इंजमाम ने विराट कोहली की तारीफ की है

क्रुणाल पांड्या ने कहा है, मैंने पहले भी बोला है कि जिस चीज की जरूरत टीम को होती है वो मैं करने के लिए तैयार हूं। मुझे लगता है कि मैं प्रोपर बैट्समैन हूं, जो किसी भी नंबर पर बल्लेबाजी कर सकता है। 3 से 7 नंबर तक बल्लेबाजी कर सकता हूं और मैं मैच भी फिनिश कर सकता हूं। ऐसा मैंने पहले भी किया है। अगर 20 पर 3 विकेट गिर जाते हैं तो मुझे पता है कि मुझे इनिंग बिल्ड करनी है, तो मुझे पता है कि मैं प्रोपर बैट्समैन हूं, मुझे गेंदों को उड़ाना नहीं है।गेंदबाजी को लेकर उन्होंने कहा, मैं गेंदबाजी को लेकर भी उतना ही आश्वस्त हूं। मैंने पावरप्ले में गेंदबाजी की है, मिडिल ओवर्स में भी गेंदबाजी की, 16-17वें ओवर भी निकाले हैं। यहां तक कि आखिरी ओवर भी निकाला है। ऐसे में जो टीम को जरूरत होगी, मैं वो करने की कोशिश करूंगा। इसी के लिए मैं तैयारी करता हूं। मैं वन डाइमेंशनल प्लेयर नहीं बनना चाहता, जो सिर्फ एक ही भूमिका पर फोकस करे। मैं लचीला खिलाड़ी बनना चाहता हूं, जो सब कुछ करने के लिए तैयार रहे।

शिखर धवन ने पत्नी आयशा मुखर्जी को दे दिया तलाक!

वायरल हुए इंस्टाग्राम पोस्ट की सच्चाई

Shikhar Dhawan Divorce News इंस्टाग्राम पर आयशा के नाम से बने अकाउंट पर एक लंबा चौड़ा नोट लिखा गया है जिसमें उनके और धवन के बीच हुए तलाक की घोषणा की गई है। इसमें बताया गया है कि एक बार तलाक होना ही बुरा होता है।

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के ओपनर शिखर धवन के तलाक की बातें सामने आ रही हैं। मीडिया में खबरें हैं कि धवन और उनकी पत्नी आयशा मुखर्जी के बीच तलाक हो गया है। इंस्टाग्राम पर आयशा के नाम से बने अकाउंट पर एक लंबा चौड़ा नोट लिखा गया है, जिसमें उनके और धवन के बीच हुए तलाक की घोषणा की गई है। इसमें बताया गया है कि एक बार तलाक होना ही बुरा होता है लेकिन मेरा दूसरी बार तलाक हो गया है। हालांकि अब तक भारतीय क्रिकेटर धवन की तरफ से इसको लेकर कोई भी पोस्ट या बयान नहीं दिया गया है। धवन और आयशा के बीच पहले दोस्ती हुई और फिर प्यार। साल 2009 में दोनों ने सगाई करने का फैसला लिया इसके तीन साल के बाद दोनों शादी के बंधन में बंधे। आयशा यह दूसरी शादी थी। उनकी पहली शादी आस्ट्रेलिया के एक बिजनेस मैन के साथ हुई ती जिनसे दो बेटियां हैं। आयशा उम्र में धवन से करीब 10 साल बड़ी हैं। हालांकि इस बात को लेकर उनके परिवार ने कभी कोई परेशानी नहीं खड़ी की। साल 2014 में आयशा ने एक बेटे को जन्म दिया जिसका नाम जोरावर धवन है।

इंस्टाग्राम पर जो पोस्ट है उसमें लिखा गया है, एक बेहद मजाकिया सा शब्द जिसका मतलब बहुत ही ज्यादा ताकतवर और जुडाव वाला है। मैंने पहली बार तलाक का अनुभव किया था। पहली बार मैं तलाक से जब गुजरी तो मुझे बहुत ही डरा हुआ और खराब महसूस हुआ। मुझे ऐसा लगा था कि जैसे मैं फेल हो गई और उस वक्त मैं कुछ गलत कर रही थी। मुझे लगता था तलाक एक बहुत ही गंदा शब्द है जबतक की मैं दो बार तलाक नहीं झेल चुकी थी। गौरतलब है कि धवन जिस आयशा मुखर्जी के इंस्टाग्राम अकाउंट को अपनी तस्वीरों में टैग किया करते हैं वो फिलहाल चल नहीं रहा है। जिस अकाउंट से तलाक को लेकर यह नोट लिखा गया है वह इंस्टाग्राम द्वारा वेरीफाई नहीं किया गया है।

दिव्या और नेहा के बीच हुआ जमकर झगड़ा दोनों ने एक-दूसरे को बताया घिनौना

नई दिल्ली। रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी में जहां लोग अपने खेल को लेकर चर्चा में रहते हैं, वहीं वह एक-दूसरे से जमकर झगड़ा भी करते रहते हैं। एक बार फिर से बिग बॉस ओटीटी के घर में अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल और सिंगर नेहा भसीन के बीच झगड़ा हो गया है। इन दोनों के बीच अक्सर झगड़ा और बहस देखने को मिलती है। अब दिव्या अग्रवाल और नेहा भसीन के बीच गंदे अंडरगारमेंट्स को लेकर झगड़ा हो गया है।दरअसल मंगलवार को प्रसारित हुए एपिसोड में दिव्या अग्रवाल बाथरूम में होती हैं। वहां वह नेहा भसीन के गंदे अंडरगारमेंट्स को रखा देखती हैं। इसको देखने के बाद दिव्या शमिता शेट्टी और मुस्कान जट्टाना से पूछती हैं कि क्या वह अंडरगारमेंट्स उनके हैं। इसके बाद दिव्या अन्य लोगों से पूछती हैं कि बाथरूम में जो गंदे अंडरगारमेंट्स रखे हैं वह किसके हैं।इसके बाद नेहा भसीन कहती हैं कि वह गंदे अंडरगारमेंट्स उनके हैं। इसके लिए नेहा माफी मांगते हुए कहती हैं कि वह उनको साफ करना भूल गईं। इस पर दिव्या अग्रवाल नेहा से कहती हैं कि यह घिनौना है। दिव्या की यह बात सुनकर नेहा भसीन भड़क जाती हैं। वह पलटवार करते हुए कहती हैं, %मुझे हर चीज पर आपकी एक्स्ट्रा राय की जरूरत नहीं है। तुम्हारा घर में रहना घिनौना है। बहुत ज्यादा हो रहा है।नेहा भसीन यहीं नहीं रुकती हैं कि वह दिव्या से आगे कहती हैं, %मैंने इसे यहां धोने के लिए रखा है। आप एक घिनौनी महिला हैं। आप जो कुछ भी कहती हैं वह घिनौना है। मैंने शेयर किया इसके लिए मैं माफी मांगती हूं, आप इसे मुद्दा क्यों बना रही हैं? यह सिर्फ एक छोटी सी बात है और कोई बड़ी बात नहीं है।% दिव्या हंसते हुए कहती हैं, %मैं जो कुछ भी कहती हूं वह घिनौना है। आप मुझे घिनौना कह सकती हैं। नेहा भसनी आगे कहती हैं, %मैं मेडिकल रूम में थी और अभी वापस आई। यह सिर्फ एक अंडरवियर है।% आपको बता दें कि जल्द बिग बॉस ओटीटी बिग बॉस के सीजन 15 में तब्दील होने वाला है। बिग बॉस 15 जल्द टीवी पर प्रसारित होना वाला है। बिग बॉस ओटीटी को निर्माता-निर्देशक करण जौहर होस्ट करते हैं। वहीं बिग बॉस 15 को दिग्गज अभिनेता सलमान खान होस्ट करेंगे।

सोनम कपूर ने जूते पहनकर 18 लाख की कीमत के सोफे पर कराया फोटाशूट



पति ने कहा- जब भी मैं इस काउच पर बैठूंगा तो...

नई दिल्ली। अनिल कपूर की बेटी और बॉलीवुड की फैशनिस्टा सोनम कपूर हमेशा से ही अपने लुक और ड्रेसिंग सेंस के लिए जानी जाती हैं। सोनम एक्टिंग के अलावा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह कई ब्रांड्स के लिए भी फोटोशूट कराती रहती हैं। हाल ही उन्होंने एक लेटेस्ट फोटोशूट कराया है। इस फोटोशूट में उन्होंने अपने लंदन वाले घर का पूरा इंनसाइड इंटीरियर दिखाया है। इस फोटोशूट के बाद सोनम के लंदन वाले घर की काफी चर्चा में आ गया हैं। इस फोटोशूट की एक तस्वीर काफी सुर्खियों में बनीं है। इसमें सोनम एक बेहद ही खूबसूरत काउच पर जूते पहने खड़ी नजर आ रही हैं। इस तस्वीर पर सोनम के पति आनंद आहूजा ने काफी दिलचस्प कमेंट किया है।

के इस थ्रीसीटर काउच की कीमत करीब 18 लाख है। इसमें से एक तस्वीर में वह जूते पहन कर एक बेहद ही शानदार काउच पर पोज देती नजर आ रही हैं। खबरों की मानें तो इस काउच की कीमत लाखों में है। तस्वीर में आप देख सकते हैं कि सोनम पर्पल कलर की ड्रेस पहने कमर पर हाथ रखकर पोज दे रही हैं। इस ड्रेस के साथ ही उन्होंने ब्लैक कलर के शूज पहने हैं। सोनम के इस शूट पर कई लोगों ने कॉमेंट्स किए हैं लेकिन उनके पति आनंद आहूजा के कमेंट ने सबक ध्यान खींचा। इस तस्वीर पर लगातार फैंस और सेलेब्स कमेंट कर रहे हैं। वहीं इस पर आनंद आहूजा ने काफी मजेदार कमेंट किया है जो चर्चा में बना हुआ है। उन्होंने कमेंट करते हुए लिखा, %अब जब भी मैं इस काउच पर बैठूंगा, यह फोटो हमेशा मेरे दिमाग में आएगी।% पित के इस कमेंट पर सोनम ने जवाब दिया है, %हाहाहा, सॉरी मैं नए काउच पर खड़ी हो गई।% दोनों का ये कमेंट सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है।

ब्रेकअप के बाद अब ऐसा है बिपाशा और डीनो मोरिया का रिश्ता, कभी दमदार केमेस्ट्री से मचाई थी खलबली

बॉलीवुड अभिनेता डीनो मोरिया काफी समय से लाइमलाइट से दूर थे। वहीं हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज द एम्पायर के चलते डीनो काफी चर्चा में आ गए हैं।इस सीरीज में उन्होंने शैबानी खान की भूमिका निभाई है और इस किरदार में उन्हें काफी पसंद भी किया जा रहा है। डीनो मोरिया अपने काम के साथ साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर भी काफी चर्चा में रहे हैं। उनका नाम बॉलीवुड की हॉट अदाकारा बिपाशा बसु संग जुड़ा था। एक वक्त ऐसा था जब दोनों बॉलीवुड के हॉटेस्ट कपल माने जाते थे।

एक्स गर्लफ्रेंड बिपाशा संग ऐसा है डीनो का रिश्ता

हालांकि बाद में दोनों का ब्रेकअप हो गया और आज बिपाशा करण सिंह ग्रोवर की पत्नी बन चुकी हैं। बॉलीवुड में बहुत कम ही सितारे ऐसे हैं जो ब्रेकअप के बाद भी अच्छे दोस्त हों और इसमें बिपाशा- डीनो का नाम शामिल है। हाल ही में डीनो ने बिपाशा संग अपने अभी के रिश्ते को लेकर खुलकर बात की।

डेंगू से नहीं राहत, कोरोना दे रहा दस्तक

अस्पताल पहले से फुल, कोरोना मरीजों की संया बढ़ने पर फिर होगी बेड के मारामारी

जबलपुर । डेंगू के साथ वायरल के कहर से शहर कराह रहा है, वही दूसरी तरफ कोरोना की तीसरी लहर की आहट के बीच संक्रमण अपनी दस्तक दे रहा है जिसकी गवाही मंगलवार को आए कोरोना संक्रमितों के आंकड़े दे रहे है। हालत यह है कि डेंगू के चलते जहां अस्पताल भरें हुए है वहीं अब यह डर सता रहा है कि अगर कोरोना के आंकड़ें इसी तरह बढ़े तो दूसरी लहर की तरह एक बार फिर जबलपुर को समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। वहीं दूसरी तरफ जिला मलेरिया विभाग व नगर निगम के सभी प्रयास नाकाफी साबित हो रहे है, जमीनी स्तर पर तो कई कॉलोनियों में लार्वा विनष्टीकरण कैमिकल का छिड़काव अब तक नहीं हो रहा है और न ही मच्छरों को भगाने के लिए फागिंग वाहन ही सड़कों में पर दिखाई दे रहे है। कई वार्ड अब भी इससे अछूते हैं। कई क्षेत्रों में सफाई ने होने ,नालियों ,खाली प्लाटों डेंगू का लार्वा पनप रहा है। हर तीसरे घर में लोग बुखार से पीड़ित है।

डेंगू मरीजों का आंकड़ा तीन सौ के हुआ पार

मंगलवार को कोरोना के 12 मरीज सामने आए हैं जबकि में डेंगू के मरीजों का आंकड़ा 300 के पार हो गया है। स्वास्थ्य विभाग ने आईसीएमआर व अन्य जाँच लैब में जो 181 नमूने जाँच के लिए भेजे, उनमें से 18 सैंपल को लैब में पॉजिटिव बताया गया। इन प्रकरणों को मिलाकर अब तक अधिकृत रूप से डेंगू इस सीजन में डेंगू बुखार से 333 लोग पीड़ित हो चुके हैं। शहर में सैकड़ों की संख्या में लोग इस मरीजों जानलेवा बुखार की चपेट में आ गए हैं। लगातार बढ़ते मामलों के चलते हॉस्पिटल में बेड मिलना मुश्किल हो हजार है। जाँच के लिए लैबों में सैम्पलों के लिए कतार लगी हुई है।

50 फीसद मरीज वायरल फीवर के

मेडिसिन विभाग की ओपीडी में जितने मरीज आते हैं उनमें से करीब 50 फीसद मरीज वायरल फीवर के होते हैं। बड़ी बात यह है कि इस बार वायरल फीवर में हल्का बुखार के साथ दस्त भी लग रहे हैं। वायरल फीवर के 20 से 30 फीसद मरीजों में यह तकलीफ देखने को मिल रही है। बच्चे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं इन दिनों वायरल निमोनिया के केस बहुत ज्यादा मिल रहे हैं। खांसी, बुखार, सांस में तकलीफ और बेहोशी के साथ बच्चे आ रहे हैं। महीने भर पहले की तुलना में निमोनिया के दोगुना मामले मिल रहे हैं। उन्हें हाई एंटीबायोटिक देना पड़ रहा है। समय पर इलाज शुरू हो जाए तो आसानी से बीमारी ठीक हो जाती है। सरकारी व निजी अस्पतालों में भर्ती मरीज के परिजनों का कहना है बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक बुखार से पीड़ित है।

अस्पतालों में बेड खाली नहीं मिल रहे

बीमारियों की रोकथाम की तमाम कवायद के बाद भी इसे रोकने में स्वास्थ्य विभाग लाचार दिख रहा है। रोजाना डेंगू के नए-नए मरीजों की रिपोर्ट पॉजिटिव आ रही है। बुखार से बिगड़ रही हालत के बाद मरीजों को भर्ती करने के लिए अस्पतालों में बेड खाली नहीं मिल रहे है।

प्लेटलेट्स मिलने में अभी भी दिक्कत

भर्ती मरीजों को प्लेटलेट्स मिलने में अभी भी दिक्कत बनी हुई है। सौ से ज्यादा प्राइवेट अस्पतालों के बीच में सिर्फ एक निजी ब्लड लैब में सिंगल डोनल प्लेटलेट्स की सुविधा है। जिला मलेरिया कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार डेंगू लार्वा विनष्टिकरण के लिए जिले में 80 टीम बनाई गई है। जो कॉलोनियों में कैमिकल का छिड़काव के साथ लोगों को एहतियात बरतने की जानकारी दे रही है। वहीं मच्छरों का भगाने के लिए नगर निगम द्वारा धुंआ कराया जाता है। चेरीताल वार्ड की कई कॉलोनियों में कैमिकल का छिड़काव ही नहीं हुआ। यहां की न्यू कालोनी में तो नालियां जाम होने से लार्वा पनप रहा है। इस बारे में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी अनदेखी कर रहे हैं। कैमिकल का छिड़काव करने वाली टीम अभी तक कॉलोनी में नहीं पहुंची है। उधर रांझी की कुछ घनी आबादी में डेंगू के सबसे ज्यादा पॉजिटिव मरीज सामने आए है। उसके बावजूद रोकथाम की कवायद कुछ दिनों पहले तक उन कॉलोनियों में हुई लेकिन जैसे ही डेंगू की बीमारी जोर पकड़ी, वैसे ही नगर निगम व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कॉलोनियों में डेंगू लार्वा विनष्टिकरण कैमिकल का छिड़काव व धुंआ देना बंद कर दिया।

नागपुर की बसें हो प्रतिबंधित

नागपुर में जिस तरह से कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़ी है उसको देखते हुए अब नागपुर सहित महाराष्ट्र से आने वाली बसें भी प्रतिबंधित करना अब जरूरी हो चला है। अगर परिवहन विभाग इस तरफ उचित कदम तत्काल नहीं उठाता है तो जबलपुर में संक्रमितों की संख्या के आंकड़ों में और वृद्वि होने की संभावना है।

ढेर में बैठा है जबलपुर फिर भी दूसरे प्रदेशों से मंगाया जा रहा कचरा

यूपी-भोपाल, गुजरात से मंगाया जा रहा कचरा

जबलपुर, यशभारत। कठौंदा में स्थापित कचरे से बिजली बनाने के प्लांट पर संकट मंडरा रहा है। प्लांट चालू होने के बाद से ही पूरी क्षमता का कचरा नहीं मिल पाया। प्लांट लगाने वाली कंपनी कचरे के लिए शहर-शहर कचरा तलाश रही है। यूपी, गुजरात और भोपाल सहित अन्य जिलों से कंपनी कचरा मंगवा रही है। प्लांट को रोजाना साढ़े 6 सौ टन कचरे की जरूरत है लेकिन जबलपुर में सिर्फ साढ़े तीन सौ टन कचरा ही निकल रहा है। मालूम हो कि नगर निगम और एस्सल ग्रुप के बीच पीपीपी मॉडल पर अनुबंध है। ग्रुप ने कठौंदा में लगभग 178 करोड़ रुपए की लागत से प्लांट लगाया है। 20 साल तक प्लांट चला कर कंपनी अपनी लागत व मुनाफा निकालेगी। इसके बाद प्लांट का स्वामित्व निगम के हाथों में आ जाएगा। राज्य सरकार ने 20 करोड़ का अनुदान दिया है। प्लांट की क्षमता 600 टन रोज की है। निगम को प्रति टन कचरा के एवज में प्लांट कंपनी से 20 रुपए मिलेंगे

कहां से कितना आ रहा कचरा

- ■ 600 टन कचरा रोज चाहिए
- ■ 300 टन कचरा शहर से रोज
- ■15 से 20 टन कचरा गुजरात से
- ■ 02 से 03 टन कचरा भोपाल से
- ■ 05 से 06 टन कचरा यूपी से
- ■ 30 से 40 टन पुराने कचरे का रोज होने वाला उपयोग
- ■ एस्सल ग्रुप ने राज्य सरकार से प्रति यूनिट छह रुपए की दर से बेचने का किया अनुबंध

इस तरह से आ रही समस्या

- ■ 450 टन कचरा निकलने का दावा किया था निगम ने अनुबंध के समय
- ■ 600 से 650 टन कचरा निकलने का दावा किया गया था डोर-टू-डोर
- ■ शहर से औसतन कचरा 300 टन तक ही निकल पा रहा है
- ■ प्लांट को पूरी क्षमता से चलाने के लिए 600 टन कचरा रोज चाहिए

प्लांट को रोज चाहिए साढ़े 6 टन मिल रहा साढ़े 3 सौ टन

■ शहर में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन लागू होने के बाद 100 से 150 टन कचरा और निकलने की उम्मीद थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ मुश्किल से 300 टन कचरा निकल रहा है।

कचरे की कमी है इसलिए बाहर से बुलाया गया

कठौंदा प्लांट के कर्मचारी मकसूद अहमद ने बताया कि कचरे की समस्या लगातार बनी हुई है इसलिए बाहर से कचरा मंगाया जा रहा है। विभिन्न जिलों और प्रदेशों से 40 गाड़ियां कचरे लेकर आई है।

पर्याप्त मात्रा में नहीं निकल रहा कचरा

नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि प्लांट की क्षमता साढ़े 6 सौ टन है उसके हिसाब से शहर से कचरा नहीं निकल पा रहा है। इसलिए एक्सल कंपनी बाहर से कचरा मंगा रही है।

2 दिन पहले मर चुका था तेंदुआ

बॉडी में चोट के निशान नही

बहोरीबंद के कुआं खड़रा गांव में वन विभाग को मिला था तेंदुआ

जबलपुर। कटनी के बहोरीबंद के कुआं खड़रा गांव में मृत मिले तेंदुआ की प्रारंभिक पीएम रिपोर्ट में चौकाने वाले तथ्य सामने आए है। रिपोर्ट के मुताबिक तेंदुआ की मौत दो दिन पहले हो चुकी थी, वह दो दिन से भूखा था। वेटरनरी पीएम डॉक्टरों के अनुसार तेंदुआ का शिकार हुआ है कि नहीं इस बात की पुष्टि अभी तक की रिपोर्ट में नहीं हुई है। तेंदुआ के बॉडी में कहीं पर भी चोट के निशान नहीं पाए गए और न ही इलेक्ट्रिक करंट के सबूत भी सामने नहीं आए है। हालांकि पीएम रिपोर्ट दो दिन बाद आएगी जिसके बाद तय होगा कि तेंदुआ की मौत कैसे हुई है। मालूम हो कि बहोरीबंद के कुआं खड़रा गांव दुर्गा मंदिर के खुले मैदान पर ग्रामीणों को तेंदुआ मृत अवस्था में मिला था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वनविभाग की टीम तक पहुंचाई। वनविभाग की टीम ने मृत तेंदुआ को वेटरनरी पहुंचाया जहां उसका पीएम किया गया।

आधा शरीर गल गया था, कीड़े लगे हुए थे

नानाजी देशमुख पशुचिकित्साल विज्ञान विवि स्कूल आफ वाईल्ड लाइफ फॉरेंसिक एण्ड हेल्थ की हेड शोभा जावरे ने बताया कि मृतक तेंदुआ की उम्र 4 साल है। उसकी पीएम की प्रारंभिक रिपोर्ट में यह तथ्य सामने आए हैं कि उसकी मौत दो दिन पहले हो चुकी थी, उसका पेट भी खाली था। मतलब वह दो दिन से भूखा था, तेंदुआ के बाहरी हिस्से में चोट के निशान नहीं है और न अंदर कुछ ऐसा नजर आया है। आधा शरीर तेंदुआ का गल गया था, शरीर के कई हिस्से में कीड़े भी लगे हुए थे।

दुर्गामंदिर के खुले मैदान में 11.30 रात में ग्रामीणों ने देखा

वनविभाग की टीम को ग्रामीणों ने रविवार की रात सूचना दी कि गांव के दुर्गामंदिर के पास एक तेंदुआ मृत पड़ा हुआ है। वनविभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर तेंदुआ को अपने कब्जे में लिया और रात 2 बजे नानाजी देशमुख विवि लेकर आए।

डॉक्टरों की टीम ने किया पीएम

फॉरेंसिक एण्ड हेल्थ की हेड शोभा जावरे, डॉ. यामिनी, डॉ. अमिता दुबे, डॉ. सोमेष सिंह, डॉ. के.पी. सिंह, डॉ. निधि राजपूत, डॉ. देवेंद्र पौधड़े द्वारा तेंदुआ का पीएम किया गया।

अधारताल- कोतवाली में टूटे ताले

कीमती जेवरात और वाहन ले उड़े चोर

जबलपुर, यशभारत। थाना अधारताल और कोतवाली में चोरों ने धाबा बोलकर हजारों के जेवरात और मोपेड वाहन चोरी कर, रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने मामले दर्ज कर, आरोपियों को सरगर्मी से तलाश कर रही है। जानकारी अनुसार थाना अधारताल में श्रीमती जयश्री शर्मा उम्र 66 वर्ष निवासी पुनीत नगर अधारताल ने पुलिस को बताया कि उसकी बेटी शिल्पी एवं दामाद युवराज निगम सनसिटी कंचनपुर अधारताल में रहते हैं। उसकी बेटी का ईलाज नागपुर में चल रहा है, जिस कारण बेटी के घर पर ताला लगा है। उसकी बेटी के यहां काम करने वाली बाई मंजू बर्मन जो काम करने के लिये आयी तो देखा कि घर के गेट का ताला टूटा था, भीड़ लगी थी। आज सुवह लगभग 6 बजे राजेश मिश्रा ने उसे फोन पर बताया तुम्हारे बेटी दामाद के यहां चोरी हो गयी है, सूचना पाकर बेटी दामाद के घर पहुंचकर देखा तो आलमारी का ताला टूटा हुआ था। सामान बिखरा पड़ा था नगदी 25 हजार रूपये एवं सोने के 2 मंगलसूत्र, हार, 4 चूडियां, कंगन, झुमकी आदि सोने-चांदी के जेवर ले गया। तो वहीं, घर में सो रहा था अधेड़, वाहन हो गया चोरी थाना कोतवाली में मुकेश डुमार उम्र 55 वर्ष निवासी देशी शराब की दुकान के बाजू से चेरीताल ने पुलिस को बताया कि उसका कच्चा मकान नगर निगम क्वाटर है । सामने मिट्टी की कच्ची वाउण्ड्री बनी है। लोहे की पट्टी का गेट लगा है। उसके पास मोपेड वाहन क्रमांक एपी 20 एसएस 9157 है। उसने रात में घर आकर अपनी मोपेड वाउण्ड्री वाल के अंदर खड़ी करके खाना पीना कर सो गया था। आज सुवह लगभग 4.30 बजे उठकर देखा तो उसकी वाउण्ड्री का गेट खुला था व मोपेड वाहन गायब था।

घमापुर में आबाद जुआं फड़

दबिश देते ही भागे जुआरी, 25 को दबोचा, 90 हजार, 26 मोबाइल जब्त फड़बाज मौके से फरार

जबलपुर, यशभारत। घमापुर थाने के पास लंगड़ा बाबा मंदिर में जुआं के आबाद फड़ पर पुलिस ने दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे दबिश देकर 25 जुआंडि?ों को दबोच लिया। जिनके कब्जे से करीब 90 हजार रुपए व 26 मोबाइल जब्त किए। पकड़ा गए फड़ में बाहर से भी जुआं के शौकीन लोग आकर दांव लगा रहे थे, लेकिन जैसे ही पुलिस ने दबिश दी तो कार्रवाई से हैरान जुआरियों में भगदड़ मच गयी। कार्रवाई के दौरान फड़बाज मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि थाना घमापुर में सूचना मिली कि विक्की पटवा जुआं खिला रहा है। वह अपने घर के पीछे दीवाल की आड़ में खुली जगह जुआ मन्ना खिला रहा है। जिसके बाद पुलिस ने विक्की पटवा के घर के पीछे दबिस वीरेन्द्र गोटिया निवासी खमरिया, हुकुमचंद लोधी निवासी घमापुर, मुकेश चौरसिया निवीसमाढोताल, निक्की बेन निवासी घमापुर, इरसाद मंसूरी निवासी कटरा अधारताल को दबोच लिया। जिनसे नगदी 90 हजार रूपये, 26 मोबाइल जब्त करते हुए फरार फड़बाज विक्की पटवा की सरगर्मी से तलाश जारी है।

DS44 रिटेल एवं होलसेल
फिक्स रेट शॉप
जीन्स 375/- लोवर 199/-
शर्ट 249/- टी-शर्ट 199/-
सम्पर्क 9109244144
पता- जबलपुर तुलाराम चौक स्टेट बैंक के आगे आनंद रेडियो के बाजू से

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

ADMISSION OPEN
भारतीय ITI
Affiliated By DGET & NCVT (Govt. Of India)
ISO CERTIFIED
ESTD 1990
○ ELECTRICIAN 2 Year Engg. Trade
○ FITTER
FREE ONLINE REGISTRATION
Sharda Chowk (Infront of Chourasiya Hotel) Madan Mahal, Jabalpur
Ph. : 0761-4003860, 9425162863, 9425150550, 7974960286

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)